भाद्रपद शुक्ल - 14 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 55 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 17-09-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' थाह लेने के लिए छोड़ा गया शिगूफा : कांग्रेस

6 अमेरिका में उनके वक्तव्यों को देशहित का तो नहीं मान सकते

7 शौकी सरदार से पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निमरत कौर



## फर्स्ट टेक

### सीतारमण 'एनपीएस वात्सल्य' योजना की आज करेंगी शुरुआत

**नई दिल्ली/भाषा।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट 2024-25 में की गई घोषणा के अनुरूप बुधवार को 'एनपीएस वात्सल्य' योजना की शुरुआत करेंगी। सीतारमण एनपीएस वात्सल्य की सदस्यता के लिए एक ऑनलाइन मंच की भी शुरुआत करेंगी। वह इस योजना पर एक विवरणिका जारी करने के अलावा अवयस्क ग्राहकों को 'स्थाई सेवानिवृत्ति खाता संख्या' (पीआरएएन) कार्ड भी वितरित करेंगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को बयान में यह जानकारी दी। एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरुआत के मौके पर देशभर में लगभग 75 स्थानों पर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अन्य स्थान वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे।

### हूती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया

**दुबई/एपी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को अमेरिका निर्मित एक और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा किया। इस घटना का कथित वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हुआ है, जिसमें सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल को हमला करते और जमीन पर बिखरा जलते ड्रोन का मलबा देखा जा सकता है। अमेरिकी सेना ने यमन के दक्षिण-पश्चिमी धमार प्रांत में हूती विद्रोहियों द्वारा ड्रोन को मार गिराए जाने के दावे पर टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के विरोध में लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों के संबंध में अतीत में बढ़ा-चढ़ाकर दावे किए हैं।

### तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान रोका

**दुबई/एपी।** तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान रोक दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ही केवल दो ऐसे देश हैं, जहां पोलियो पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सितंबर में टीकाकरण अभियान शुरू होने से ठीक पहले इसे रोकने की खबर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों को दी गई है और इसके पीछे किसी कारण भी उल्लेख नहीं किया गया है। तालिबान सरकार की तरफ से इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि उन्हें घर-घर जाकर टीकाकरण करने के बजाय मस्जिदों जैसे स्थानों पर टीकाकरण करने की चर्चाओं की जानकारी मिली है।

| | |
|---|---|
| 17-09-2024 सूर्यास्त 6:19 बजे | 18-09-2024 सूर्योदय 6:08 बजे |
| BSE 82,988.78 (+97.84) | NSE 25,383.75 (+27.25) |
| सोना 7,711 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 90,050 रु. प्रति किलो |



बंटवाल टीएमसी (टाउन म्यूनिसिपल काउंसिल) के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ द्वारा हिंदू कार्यकर्ताओं को ईद मिलाद जुलूस में उपस्थित होने की चुनौती देने वाले कथित वॉयस मैसेज के बाद सोमवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता दक्षिण कन्नड़ के बीसी रोड पर एकत्र हुए।

## धार्मिक स्थलों पर पथराव की घटनाओं के बाद कर्नाटक के दो शहरों में तनाव

- ये दोनों घटनाएं पिछले सप्ताह मंड्या जिले में भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान भड़की हिंसा के बाद हुई हैं
- सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया
- बंटवाल नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ के एक 'वॉइस मैसेज' के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के लोग बड़ी संख्या में जमा हुए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मंगलूरु।** दक्षिण कन्नड़ जिले के कटिपल्ला शहर और बंटवाल क्रॉस (बीसी) रोड में धार्मिक स्थलों पर पथराव और दो समूहों के बीच झड़प की घटनाओं के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। ये दोनों घटनाएं पिछले सप्ताह मंड्या जिले में भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान भड़की हिंसा के बाद हुई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

उधर विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंड्या जिले के नागमंगला में 11 सितंबर को गणेश प्रतिमा के विसर्जन जुलूस पर पथराव की घटना के विरोध में सोमवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि मंगलूरु तहसील के कटिपल्ला कस्बे में पथराव की घटना रविवार देर रात लगभग 9.50 बजे हुई लेकिन त्वरितकार्रवाई करके स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और इलाके में किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उसने बताया कि इस घटना में धार्मिक स्थल की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

पुलिस के मुताबिक, कथित पत्थरबाज दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग- 75 से सटे बंटवाल तालुक के बीसी रोड कस्बे में सोमवार सुबह सोशल मीडिया मंचों पर दो समूहों के बीच भड़काऊ बयान पोस्ट किए जाने के बाद तनाव व्याप्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि बंटवाल नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ के एक 'वॉइस मैसेज' के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के लोग बड़ी संख्या में जमा हुए।

## भारत की एकता एवं अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं नफरत से भरे लोग : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com







- मोदी ने अहमदाबाद में भुज-अहमदाबाद 'नमो भारत' रैपिड रेल, पहली वंदे भारत मेट्रो सेवा और पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने सहित 8,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी या उद्घाटन किया

**अहमदाबाद/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नफरत और नकारात्मकता से भरे कुछ लोग भारत की एकता और अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं। यह टिप्पणी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए विवादास्पद बयान की पृष्ठभूमि में आई है।

नौ जून को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करने के बाद अपने गृह राज्य गुजरात के पहले दौरे पर आए मोदी ने अहमदाबाद में भुज-अहमदाबाद 'नमो भारत' रैपिड रेल, पहली वंदे भारत मेट्रो सेवा और पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने सहित 8,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी या उद्घाटन किया।

मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए नाम लिए बिना कहा कि वे (विपक्ष) तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी भी सीमा को पार कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश को बांटने के इरादे से भारत की एकता और अखंडता को निशाना बना रहे हैं। नफरत से भरे लोग भारत और गुजरात को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में विपक्ष द्वारा उनका अपमान किया गया, उनका उपहास किया गया और उनका मखौल उड़ाया गया, लेकिन उन्होंने इस अवधि के दौरान सरकार के विकास एजेंडे को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, जब हर भारतीय देश को आगे ले जाने का प्रयास कर रहा है, तब नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश की एकता और अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं। वे देश को बांटना चाहते हैं।

अमेरिका में राहुल गांधी की सिख समुदाय और आरक्षण संबंधी टिप्पणी और कांग्रेस के जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन को लेकर उठे विवाद के बीच मोदी ने कहा कि नफरत से भरे कुछ लोग देश को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं।

चिकित्सक दुष्कर्म-हत्या मामला :

### उच्चतम न्यायालय स्वतः संज्ञान याचिका पर आज सुनवाई करेगा

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ कथित बलात्कार और हत्या की घटना के संबंध में शुरू की गई स्वत: संज्ञान याचिका पर मंगलवार को सुनवाई कर सकता है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट के मुताबिक, यह स्वत: संज्ञान याचिका प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के समक्ष मंगलवार को सुनवाई के लिए पहली याचिका के रूप में सूचीबद्ध है।

### सबरीमाला



सोमवार को सबरीमाला में भगवान अयप्पा स्वामी मंदिर की 18 सीढ़ियों की पूजा करते हुए पुजारी।

## सिर्फ कड़े कानून से न्यायपूर्ण समाज नहीं बनता, मानसिकता बदलने की आवश्यकता : सीजेआई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि निजी और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कानूनी प्रावधानों की कोई कमी नहीं है, लेकिन अकेले कानून से न्यायपूर्ण व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज को भी अपना ''पितृसत्तात्मक सामाजिक रवैया'' त्यागना होगा।



न्यूज 18 नेटवर्क के 'शी शक्ति' कार्यक्रम में न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हमें पुरुषों की धारणा से परे देखने के लिए संस्थागत और व्यक्तिगत क्षमता को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी और सार्वजनिक स्थितियों में महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए ठोस और प्रक्रियात्मक कानूनी प्रावधानों की कोई कमी नहीं है, लेकिन केवल कड़े कानूनों सहित अच्छे कानूनों से ही न्यायपूर्ण समाज का निर्माण नहीं हो सकता।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, महिलाओं के अधिकारों के बारे में बात करना महिलाओं का काम नहीं है। मैंने जीवन के कुछ बेहतरीन सबक अपनी महिला सहकर्मियों से सीखे हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि बेहतर समाज के लिए महिलाओं की समान भागीदारी महत्वपूर्ण है। भारत के संविधान को अपनाने से पहले, हंसा मेहता, जो नारीवादी थीं, ने भारतीय महिला जीवन चार्टर का मसौदा तैयार किया था।

हत्या की नाकाम कोशिश के बाद ट्रंप ने कहा

## कभी नहीं झुकूंगा, अमेरिका वासियों के लिए लड़ना जारी रखूंगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**वाशिंगटन/भाषा।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जान लेने की एक और कोशिश किए जाने के बीच सोमवार को उन्होंने कहा कि वह कभी नहीं झुकेंगे और अमेरिका वासियों के लिए लड़ना नहीं छोड़ेंगे।

राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने 'यूएस सीक्रेट सर्विस' और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के शानदार काम को लेकर उनका शुक्रिया भी अदा किया।

संघीय जांच एजेंसी एफबीआई (फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टीगेशन) ने इस हमले को ट्रंप की हत्या की एक संभावित कोशिश बताया। यह हमला उस समय किया गया जब पूर्व राष्ट्रपति फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित अपने एक गोल्फ मैदान में खेल रहे थे।

इस घटना से मात्र नौ सप्ताह पहले ही एक बंदूकधारी ने पेंसिल्वेनिया में 13 जुलाई को एक चुनावी रैली के दौरान ट्रंप (78) को निशाना बनाकर गोलीबारी की थी। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी।

राष्ट्रपति चुनाव में इस शीर्ष पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने कहा, मैं डोनाल्ड जे. ट्रंप हूं। डरता नहीं! मैं सुरक्षित और ठीक हूं और किसी को चोट नहीं आई। ईश्वर का शुक्र है! ''

### मणिपुर के मंत्री के आवास पर ग्रेनेड हमला

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर के मंत्री काशिम वशुम के उखरुल जिले स्थित आवास पर संदिग्ध उग्रवादियों ने ग्रेनेड से हमला किया, जिससे उनकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शनिवार रात हुई इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। वशुम ने बताया कि जब ग्रेनेड धमाका हुआ तब वह और उनके परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ग्रेनेड धमाके से मंत्री के घर की दीवारें और कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए। अधिकारी ने कहा, ग्रेनेड हमले के बाद उसके कुछ टुकड़े बरामद कर लिए गए हैं और सुरक्षा के कड़े उपाय किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि जांच के लिए आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### दास्तां ए इस्तीफा

किस दम पर घायल विहग उड़े,
मजबूत नहीं कोई डैना।
सचमुच में अब ये कठिन हुआ,
दल की टूटी नैया खैना।
किसने मांगा था इस्तीफा,
किसको इससे लेना-देना।
अब इस प्रचार से यूं लगता,
ये किस्सा ज्यों तोता मैना।।

शोकसंदेश/उठावणा



जन्म 07.08.1954 स्वर्गवास 16.09.2024

स्व. श्री महावीरचन्दजी समदड़िया

सुपुत्र : स्व. श्रीमती सौभाग्याबाई-स्व.श्री चंपालालजी समदड़िया
कंवरसा : स्व. श्री सुगनचन्द धारीवाल, के.जी.एफ

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित कर रहे हैं कि हमारे आदरणीय पूज्य श्री महावीरचन्दजी समदड़िया का स्वर्गवास दि. 16.09.2024 को प्रात: काल बेंगलूरु में हो गया। विधि के आगे हम सब नतमस्तक है।

उठावणा : बुधवार, दिनांक 18.09.2024 प्रात: 11.00 बजे
स्थल : महावीर धर्मशाला, नं. 17, नेशनल हॉईस्कूल रोड, वी.वी. पुरम, बेंगलूरु 4

निवास स्थल : '' सौभाग्या'' महावीरचन्द महेन्द्रकुमार समदड़िया
No.8/1, 1st Cross, Shankarpuram, Bangalore 560 004

शोकाकुल : धर्मपत्नी : श्रीमती कांताबाई समदड़िया
पुत्र : अशोक, महेन्द्र, हरीश, मितेश, पुत्रवधू : रेणु, रेखा, श्वेता समदड़िया
पौत्र : प्रतीक, आरव, पौत्रियां : मेघा, दिया, कृषा, स्वरा
बहन-बहनोई : सुशीला-कुशलजी पिरगल, पुष्पा-चैनराजजी खारीवाल
ललिता-महावीरचन्दजी तालेड़ा, वसंता-मीठालालजी सेठिया

petals™ furnishing lifestyle
Race Cource Road - Indiranagar - Koramangala, Bengaluru. Mob : 98801 37775
98800 23123 / 99007 99611

ससुराल पक्ष : सोहनलालजी, प्रकाशचन्दजी, विमलचन्दजी, सज्जनराजजी धर्मीचन्दजी, अशोकचन्दजी, महावीरचन्दजी धारीवाल, केजीएफ

बैठक : शुक्रवार, दिनांक 20.9.2024 सायंकाल 7 से 9 बजे तक
तत्पश्चात सभी शोक संबंधी कार्य सम्पन्न



# बीजेएस कर्नाटक की नई टीम की हुई घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जैन संगठन (बीजेएस) कर्नाटक ने बेंगलूरु की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। संस्थापक शांतिलाल मूथा ने राज्य अध्यक्ष के रूप में वर्ष 2025-26 के लिए किशोर रुणवाल के नाम की घोषणा की। इसके साथ ही प्रकाश गुलेच्छा मैसूरु को राज्य सचिव, जयंतीलाल धानेश होसपेट, कमलकुमार आंचलिया रायचूर व हीराचन्द कलमानी बेलगावी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया।

इसके अलावा, राज्य स्तरीय विभिन्न कार्यक्रमों के प्रमुखों की भी घोषणा की गई, जिनमें स्मार्ट गर्ल, दंपति सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक, व्यापार, जल शक्ति , जनरल प्रोग्राम, यंग एमबीए, और शिक्षा कार्यक्रम प्रमुख शामिल हैं। इस अवसर पर बीजेएस कर्नाटक के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश लुनावत, गौतम बाफना, दिनेश पालरेचा ने भावी राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला नासिक का सम्मान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तम बांठिया व संचालन आशीष भंसाली ने किया।

समारोह में बीजेएस की सभी 33 शाखाओं से सदस्य उपस्थित थे। शांतिलाल मूथा ने राज्य महिला विंग की चेयरपर्सन के रूप में नेहा चौधरी और उनकी टीम की घोषणा की।

यह नई टीम पूना में 30 नवम्बर से आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन से अपना कार्यभार संभालेगी।

## सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन के लिए व्यसन मुक्ति के प्रबल प्रेरक आचार्य श्री रामेश द्वारा प्रतिपादित सामाजिक उत्क्रांति के नियमों के तहत सुजानमल किशोरकुमार दीपक, संकेत कर्नावट परिवार का अखिल भारतीय साधु संघ के पदाधिकारियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर साधुमार्गी संघ के अध्यक्ष सुंदरलाल सिपानी, महावीर चौपड़ा, सुशील बरमेचा और समता युवा संघ तथा समता महिला मंडल की कार्यकारिणी सदस्यगण, गौतम मेहता, सज्ञनराज मेहता आदि उपस्थित थे।

## दिल्लीः चोरी के मोबाइल फोनों की बांग्लादेश में तस्करी करने के 3 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन की बांग्लादेश में तस्करी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उनकी गिरफ्तारी से दिल्ली में दर्ज चोरी के 10 मामलों का खुलासा हुआ है और उनके कब्जे से 60 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
FLATS FOR SALE
DNR HIGHLINE
@ OKALIPURAM
near LULU Mall
Rajajinagar
Centre of the City
3 & 4 Bedroom
FLATS with 7 Star
Luxurious Amenities
Only Few Flats
available for Sale
Contact : 9844027560





## जम्मू कश्मीर विस चुनाव में गांधी-अब्दुल्ला परिवार और भाजपा के बीच स्पष्ट लड़ाईः शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**किश्तवाड़/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में स्पष्ट लड़ाई कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच है। उन्होंने कहा कि एक पक्ष अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहता है, तो दूसरा इसे रोकने को लेकर प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी शगुन परिहार के पक्ष में मतदान करना ना केवल विकास और प्रगति का समर्थन करना है, बल्कि यह उनके पिता सहित अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि देना भी है। शाह ने यहां एक रैली में कहा, जम्मू-कश्मीर में यह चुनाव स्पष्ट रूप से दो ताकतों के बीच है। एक तरफ नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस है, और दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी है। यह भाजपा और गांधी-अब्दुल्ला परिवारों के बीच का मुकाबला है। दोनों के एजेंडे स्पष्ट हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रेम नाथ डोगरा की विचारधारा 'एक विधान, एक निशान और एक प्रधान' के सिद्धांत का पालन करती है। उन्होंने पुष्टि की कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न हिस्सा है और ''कोई भी इसे बदल नहीं सकता।

श्रद्धांजलि



स्व. श्री महावीरचंदजी समदड़िया
स्वर्गवास : 16.09.2024
हमारे आजीवन सदस्य श्री महावीरचंदजी समदड़िया के स्वर्गवास पर भावभीनी श्रद्धांजलि
Team KMYF Estd. 1981
Karnataka Marwari Youth Federation
Bengaluru

## बजाज हाउसिंग फाइनेंस बनी देश की सबसे मूल्यवान आवास वित्त कंपनी

**नई दिल्ली/भाषा।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सोमवार को शेयर बाजार में सूचीबद्धता के दिन ही करीब देश की सबसे मूल्यवान आवास वित्त कंपनी बन गई। बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के शेयर की बाजार में शुरुआत काफी अच्छी रही। कंपनी का शेयर पहले दिन के कारोबार में 70 रुपए के निर्गम मूल्य से करीब 136 प्रतिशत चढ़कर 165 रुपए के भाव पर बंद हुए। शेयर भाव में जोरदार तेजी आने से कारोबार के अंत में बजाज हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 1,37,406.09 करोड़ रुपए रहा। इसके साथ ही बजाज हाउसिंग फाइनेंस देश की सबसे मूल्यवान आवास वित्त कंपनी बन गई।

# ज्ञान से आता है संयम और सद्‌आचरण : विनयमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन बावीस संप्रदाय संघ के तत्वावधान में गणेश बाग में प्रवचन करते हुए विनयमुनिजी खींचन ने व्यवहार सूत्र की भूमिका को रखते हुए कहा कि आदिनाथ भगवान से पहले नगण्य व्यवहार था।

मानव समाज में मांग और पूर्ति में समस्या खड़ी हुई तब कुलकरों ने नीति न्याय, जिसे व्यवहार रूप प्रथम स्वीकृति दी। दण्ड और प्रायश्चित में बहुत अन्तर माना जाता है। दण्ड में कठोरता छिपी है, प्रायश्चित में कोमलता के भाव रहते हैं। मुनिराज ने व्यवहार सूत्र की प्रस्तावना को आज रखते हुए कहा कि न्याय' सर्वप्रथम शुभव्यवहार है। न्यायाधीश को व्यवहारज्ञ कहा गया है। जैन शासन में पांच व्यवहार आगम, श्रुत, आज्ञा, धारणा व जीत बताए है। सामान्यतया जीवन शैली को जनता लौकिक व्यवहार कहती है। तीर्थकर देवों ने मोक्ष मार्ग के विधि निषेध संविधानों को व्यवहार माना है। मनुष्यों में जन्म से कोई विशेष व्यवहार नहीं समझ में आता है धीरे-धीरे ज्ञान द्वारा उच्च आदर्शो को जीवन में उतारने का संदेश और संयम का आचरण कराया जाता है,वहीं भगवता प्रकट होती है। संघ के महामंत्री संपतराज मांडोत ने संचालन किया। संघ प्रवक्ता राजू सकलेचा ने सभी का स्वागत किया।





# टिप्पणियाँ संस्थानों को हतोत्साहित कर सकती हैं : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि निर्वाचन आयोग तथा जांच एजेंसियों सहित संस्थाएं कठिन परिस्थितियों में अपना कर्तव्य निभाती हैं और एक टिप्पणी उन्हें ''हतोत्साहित'' कर सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को भी देश के संस्थानों के बारे में ''अत्यंत सचेत'' रहना होगा जो मजबूत हैं और उचित नियंत्रण एवं संतुलन के साथ कानून के शासन के तहत स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं।

रविवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में उनकी टिप्पणी उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश द्वारा शुक्रवार की गई इस टिप्पणी की पृष्ठभूमि में आई कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पिंजरे में बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए। यह उल्लेख करते हुए कि आबकारी नीति मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी अनुचित थी, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने एजेंसी की आलोचना की थी और कहा था कि उसे पिंजरे में बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि राज्य के सभी अंगों का एक ही उद्देश्य है कि आम आदमी को सभी अधिकार मिलें और भारत फले-फूले तथा समृद्ध हो। उपराष्ट्रपति ने कहा, उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों और आगे के संवैधानिक आदर्शों को पोषित एवं पुष्पित करने के लिए मिलकर एकजुटता से काम करने की जरूरत है... इन पवित्र मंचों - विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका - को राजनीतिक भड़काऊ बहस का बिंदु न बनने दें क्योंकि यह चुनौतीपूर्ण एवं कठिन परिस्थितियों में भी देश की अच्छी सेवा करने वाले संस्थानों के लिए हानिकारक है। उन्होंने संस्थाओं का जिक्र करते हुए निर्वाचन आयोग और जांच एजेंसियों का जिक्र किया।

## कांग्रेस विदेश समेत चार संसदीय समितियों की करेगी अध्यक्षता

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस नई लोकसभा के गठन के बाद चार विभागों से संबंधित संसद की स्थाई समितियों की अध्यक्षता करेगी, जिनमें विदेश और शिक्षा विभागों से संबंधित समितियां शामिल हैं।

पार्टी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सरकार के साथ लंबी मंत्रणा के बाद मुख्य विपक्षी दल को लोकसभा की विदेश, कृषि और ग्रामीण विकास संबंधी तीन स्थाई समितियों की अध्यक्षता मिली है। कांग्रेस को राज्यसभा की शिक्षा संबंधी स्थाई समिति की अध्यक्षता का उत्तदायित्व मिला है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस पांच समितियों की अध्यक्षता की उम्मीद कर रही थी। अभी तक कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने राज्यसभा की पर्यावरण वन संबंधी स्थाई समिति और अभिषेक सिंघवी ने वाणिज्य संबंधी समिति की अध्यक्षता की थी। इसके साथ ही शशि थरूर ने रसायन एवं उर्वरक विभाग से संबंधित समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाली थी। सूत्रों का कहना है कि 18वीं लोकसभा के गठन के बाद स्थाई समितियों का पुनर्गठन होने के समय समाजवादी पार्टी, द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस को भी एक-एक स्थाई समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी मिल सकती है। संसद में विभागो से संबंधित कुल 24 स्थाई समितियां हैं। लोकसभा के तहत 16 और राज्यसभा के तहत आठ स्थाई समिति होती हैं। इनमें से प्रत्येक समिति में 31 सदस्य होते हैं।

## भारत एआई से सृजित होने वाली नई नौकरियों से लाभ उठाने को अच्छी स्थिति मेंः मेटा इंडिया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत कृत्रिम मेधा (एआई) की वजह से आने वाली नई नौकरियों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। मेटा इंडिया की उपाध्यक्ष संध्या देवनाथन ने यह उम्मीद जताई है। उन्होंने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि उनका पक्का भरोसा है कि एआई अब भारत के लिए नए अवसरों के रास्ते खोलेगा। देवनाथन ने एआई और नौकरियों पर इसके प्रभाव के बारे में चल रही बहस पर टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे लगता है कि भारत एआई के साथ आने वाली नई नौकरियों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा कि नौकरियों की प्रकृति बदल सकती है, हालांकि इससे नई तरह की नौकरियां तैयार होंगी। उन्होंने कहा कि एआई के चलते नई चीजें सामने आ सकती हैं... और यह एक देश के रूप में हमारे लिए नए अवसरों के रास्ते खोलेगा।



# आदर्श जीवन जीने के प्रेरणा स्त्रोत हैं जिनालय : आचार्यश्री अरिहंतसागरसूरी

### अनेक मंदिरों के दर्शन हेत हुई चैत्य परिपाटी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधर शांतिसूरी जैन संघ के तत्वावधान में पर्युषण पर्व की आराधना के उपलक्ष्य में चतुर्विध संघ के साथ अनेक जिनालयों के दर्शन-वंदन हेतु चैत्य परिपाटी का आयोजन आचार्य श्री अरिहंतसागरसूरीश्वरजी की निश्रा में किया गया। इस अवसर पर आचार्यश्री ने कहा कि विश्व के सभी ग्रंथों, शास्त्रों का यदि निचोड़ एक शब्द में निकाला जाए तो वह है भगवद भक्ति। सभी के लिए शास्त्रों का अध्ययन संभव न हो सके,तप-जप न हो सके, ध्यान-योग आदि न हो, फिर भी यदि उसे अपनी आत्मा का कल्याण करना हो तो अत्यंत सरल मार्ग है भगवान की भक्ति। भगवान की भक्ति वास्तव में गुणों की भक्ति है। साधक का लक्ष्य संसार से मुक्त होना है और यह तभी संभव है जब उसकी आत्मा कर्म रहित और गुणयुक्त बने। परमात्मा की भक्ति से साधक क्षमा, नम्रता, सरलता और संतोष जैसे गुणों को विकसित करता है। भक्ति में ऐसी शक्ति है जो साधक को अंततः मुक्ति तक ले जाने में सक्षम है। आज भले तीर्थंकर भगवान साक्षात रूप में यहां मौजूद नहीं है। फिर भी उनकी मूर्ति और मंदिर हमारे लिए सक्षम प्रेरणा स्त्रोत है। जो हमें आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। इस तरह देखा जाए तो वह अपराध-मुक्त समाज के निर्माण में अद्वितीय भूमिका निभाते हैं। कल्याण मित्र परिवार द्वारा सभी जिनालयों में पूजा सामग्री के थाल अर्पित किए गए।





# 'दृढ़ संकल्प शक्ति वाले महान तपस्वी संत थे वेणीचन्द'

### विजयनगर संघ के तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थानक भवन में विराजित साध्वीश्री सुधाकंवरजी के सान्निध्य में महान अभिग्रहधारी वेणीचंदजी म.सा.के अभिग्रह पूर्ति समारोह का आयोजन किया गया। मेवाड़ पैलेस प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपप्रवर्तक पंकजमुनिजी, डॉ वरुणमुनिजी, वीरेंद्रमुनिजी, साध्वीडॉ दर्शनप्रभाजी, समृद्धिश्रीजी, विपुलदर्शनाजी, सुधाकंवरजी आदि ने वेणीचंद म.सा के जीवन परिचय के साथ ही उनके अभिग्रहों का गुणगान किया गया। वेणीचंदजी म.सा ने 29 वर्षों तक कठोर और अविश्वसनीय अभिग्रह धारण किए जो कभी महिने, चार महीने, और कोई कोई तो पंद्रह महीने में पूर्ण फलीत होते थे।

वेणीचंदजी ने कई एकांत विरान भयावह खण्डरों,व गुफाओं में, ध्यान आराधनाएं की।

इस कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी आनंद ज्वेलस् व डायमंड के पुखराज मेहता परिवार, नवकार महा मंत्र के अखण्ड जाप के कलश की बोली के लाभार्थी मोतीलाल सांड,मेवाड़ पैलेस के पदाधिकारियों, मानव सेवा कार्यो के लाभार्थी सुखलाल पोरवाड परिवार सहित 225 मेहमानों का सम्मान किया गया। स अवसर पर राज्यसभा सांसद लहरसिंह सिरोया, जैन कॉन्फ्रेन्स के राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्ष अविनाश चोरडिया, पारस मोदी, मेवाड़ भवन मुंबई के अध्यक्ष दिलीप नाबेडा, भीलवाड़ा यश सुधा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष मीठालाल सिंघवी, जैन कॉन्फ्रेन्स के राष्ट्रीय पूर्व युवा अध्यक्ष महेंद्र पगारिया, गोडवाड भवन के कुमारपाल सिसोदिया सहित अनेक सभा संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे। संघ अध्यक्ष आनंद कुमार नाहर ने सभी का स्वागत किया। युवा अध्यक्ष शंकरलाल दक, मंत्री महावीर गुगलिया के नेतृत्व में विभिन्न सदस्यों ने व्यवस्थाएं संभाली। महिला मंडल, बहु मंडल, कन्या मंडल ने विभिन्न सेवाएं दी।

## जय रामदेव बाबा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के ईजीपुरा महिला मंडली द्वारा बाबा रामदेवजी की दशमी पर भजन संध्या का आयोजन किया गया और बाबा के मंदिर में बाबा के प्रिय घोडलिये का चढ़ावा और जलझूलनी एकादशी का उद्यापन कर कथा का श्रवण किया।

# हुड्डा पर हरियाणा की सत्ता में कांग्रेस की वापसी कराने का दारोमदार

**रोहतक/भाषा।** मैं यह लड़ाई अपने लिए नहीं, बल्कि आपके लिए लड़ना चाहता हूं... मैं चाहता हूं कि हरियाणा एक बार फिर नंबर वन बने। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र गढ़ी सांपला-किलोई में कुछ दिन पहले आयोजित एक चुनावी रैली के मंच से यह बात कही थी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री रह चुके हुड्डा रविवार को 77 साल के हो गए। वह रोहतक से चार बार सांसद रह चुके हैं। 1990 के दशक में उन्होंने पूर्व उपप्रधानमंत्री देवी लाल को इस सीट पर तीन बार शिकस्त दी थी। हालांकि, कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि हरियाणा में चुनाव जीतने पर उसके विधायक और आला कमान मुख्यमंत्री चुनेगा, लेकिन राज्य के आगामी विधानसभा चुनावों में दिग्गज जाट नेता हुड्डा



को पार्टी का चेहरा माना जा रहा है। कांग्रेस भिवानी को छोड़ हरियाणा की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। उसने भिवानी सीट मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के लिए छोड़ी है। राज्य की अधिकांश सीटों पर हुड्डा के वफादारों या उनके करीबी माने जाने वाले नेताओं को टिकट दिया गया है। इसके अलावा, पार्टी ने सभी 28 मौजूदा विधायकों को फिर से मैदान में उतारा है, जिनमें से अधिकांश हुड्डा के प्रति निष्ठा रखते हैं। हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने हरियाणा की नौ सीट पर किस्मत आजमाई। इनमें से सिरसा सीट से हुड्डा की प्रतिद्वंद्वी मानी जाने वाली कुमारी शैलजा ने चुनाव लड़ा, जबकि बाकी आठ सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री के पसंद के उम्मीदवारों को मौका दिया गया।



बंतवाल टीएमसी (टाउन म्युनिसिपल काउंसिल) के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ द्वारा हिंदू कार्यकर्ताओं को ईद मिलाद जुलूस में उपस्थित होने की चुनौती देने वाले कथित वॉयस मैसेज के बाद सोमवार को दक्षिण कन्नड़ में बी सी रोड पर विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ता एकत्र हुए।

# धार्मिक स्थलों पर पथराव, दक्षिण कन्नड़ जिले के दो शहर में तनाव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। दक्षिण कन्नड़ जिले के कटिपल्ला शहर और बंटवाल क्रॉस (बीसी) रोड में धार्मिक स्थलों पर पथराव और दो समूहों के बीच झड़प की घटनाओं के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। ये दोनों घटनाएं पिछले सप्ताह मंड्या जिले में भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान भड़की हिंसा के बाद हुई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

उधर विश्व हिंदू परिषद् एवं बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मंड्या जिले के नागमंगला में 11 सितंबर को गणेश प्रतिमा के विसर्जन जुलूस पर पथराव की घटना के विरोध में सोमवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि मंगलूरु तहसील के कटिपल्ला कस्बे में पथराव की घटना रविवार देर रात लगभग 9.50 बजे हुई लेकिन त्वरितकार्रवाई करके स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और इलाके में किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उसने बताया कि इस घटना में धार्मिक स्थल की खिड़कियों के शीशे टूट गए।

पुलिस के मुताबिक, कथित पत्थरबाज दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग-75 से सटे बंटवाल तालुक के बीसी रोड कस्बे में सोमवार सुबह सोशल मीडिया मंचों पर दो समूहों के बीच भड़काऊ बयान पोस्ट किए जाने के बाद तनाव व्याप्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि बंटवाल नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ के एक 'वॉइस मैसेज' के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के लोग बड़ी संख्या में जमा हुए।

उन्होंने कहा कि शरीफ ने विहिप नेता शरण पंपवेल को चुनौती दी थी कि ईद-ए-मिलाद के जुलूस के दौरान उनके सामने आकर दिखाएं। दक्षिण कन्नड़ जिला पुलिस ने कहा कि इसके बाद एहतियातन बंटवाल के पूर्वी हिस्से में उप्पिनंगडी और पश्चिमी हिस्से में पनमंगलूरु में गश्त तेज कर दी। पुलिस के अनुसार, शरीफ और बंटवाल नगरपालिका के पार्षद मोहम्मद हसैनार के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि पंपवेल और बजरंग दल के नेता पुनीत अट्टावर के खिलाफ भी भड़काऊ बयान देने का मामला दर्ज किया गया है। बीसी रोड पहुंचे पंपवेल ने कहा कि उन्होंने (शरीफ की) चुनौती को स्वीकार किया है और हजारों हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आए हैं। सोशल मीडिया मंचों पर लगातार नजर रख रही मंगलूरु पुलिस भड़काऊ बयान देने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और मंगलूरु पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल पहले ही इस बारे में चेतावनी दे चुके हैं।

इस बीच पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) अमित सिंह ने प्रदर्शनकारियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। मुस्लिम युवाओं ने ईद-ए-मिलाद के तहत बीसी रोड पर मोटरसाइकिल रैली निकाली। इससे पहले बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने इलाके में तीन घंटे तक प्रदर्शन किया था।

## दोपहिया वाहनों पर फलस्तीनी झंडा लगाकर घूमने के आरोप में छह लड़के हिरासत में

चिक्कमगलूरु। कर्नाटक के चिक्कमगलूरु में फलस्तीनी झंडा लगाकर कथित तौर पर दोपहिया वाहन चलाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार को यहां चिक्कमगलुरु कस्बे में दंतारामक्की मार्ग पर दोपहर करीब एक बजे की है। पुलिस के मुताबिक, हिरासत में लिये गये तीन लड़के एक दोपहिया वाहन पर थे और उनमें से सबसे पीछे बैठा 17 वर्षीय लड़का फलस्तीनी झंड़ा कथित तौर पर पकड़कर लहरा रहा था जबकि उसके तीन अन्य साथी दूसरी मोटरसाइकिल पर उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। पुलिस ने बताया कि वे 'आजाद' फलस्तीन के नारे लगा रहे थे।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमने घटना में शामिल सभी छह लड़कों को पकड़ लिया है। वे सभी नाबालिग हैं। हमने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने सहित भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एक मुकदमा दर्ज कर लिया है। झंडे के साथ दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान लड़कों ने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में जुलूस के कुछ वीडियो देखे थे, जिसमें लोग फलस्तीनी झंडा लेकर चल रहे थे इसलिए वे भी इंस्टाग्राम पर उसी तरह की रील बनाना चाहते थे। इससे पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और विधान पार्षद सीटी रवि ने आरोप लगाया था कि कल (रविवार) एक रैली निकाली गयी, जिसमें 20 से ज्यादा दोपहिया वाहनों और एक चौपहिया वाहन पर फलस्तीनी झंडा लगा हुआ था।

# वोक्कालिगा मंत्रियों, विधायकों ने मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से भाजपा विधायक के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या से मुलाकात की और भाजपा विधायक एन मुनिरत्ना के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अनुरोध किया। मुनिरत्ना को एक पूर्व पार्षद पर जातिवादी टिप्पणी करने समेत विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किया गया है। मंत्री एन चेलुवरायस्वामी और एम सी सुधाकर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सिद्दरामय्या से उनके आवास पर मुलाकात की। पूर्व मंत्री मुनिरत्ना को शनिवार शाम उनके खिलाफ दो मामले दर्ज होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था और वह फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं। चेलुवरायस्वामी ने कहा, ''स्थिति ऐसी है कि न केवल हमारे वोक्कालिगा समुदाय को, बल्कि पूरे समाज को उनका (मुनिरत्ना) बहिष्कार करना चाहिए। हमारी सरकार ने पहले ही कानून के अनुसार उन्हें गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कार्रवाई की है और उन्हें अदालत में पेश किया गया है।'' उन्होंने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा, ''जब कोई आम आदमी ऐसी गलती करता है तो कार्रवाई की जाती है, लेकिन जब कोई जन-प्रतिनिधि ऐसा करता है...तो हमने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अधिक जानकारी जुटाकर और अधिक सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।''

बेंगलूरु के राजराजेश्वरी नगर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मुनिरत्न को शनिवार शाम कोलार के मुलबागल के नांगली गांव से बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के एक ठेकेदार को रिश्वत के लिए परेशान करने, एक पूर्व पार्षद पर जातिवादी टिप्पणी करने, धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी देने और एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में हिरासत में लिया गया था। शिकायतकर्ताओं में से एक ठेकेदार चेलुवराजू ने अपने और मुनिरत्ना के बीच फोन पर हुई बातचीत की एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग भी जारी की है, जिसमें मुनिरत्न ने वोक्कालिगा और दलित समुदाय के व्यक्तियों के संदर्भ में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणियां कीं। मुनिरत्न ने शनिवार को एक वीडियो बयान में कहा कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप ''सच्चाई से कोसों दूर'' हैं और उन्होंने वोक्कालिगा तथा दलित समुदाय या उससे संबंधित लोगों के खिलाफ कोई अपमानजनक टिप्पणी या बात नहीं की है।

### विसर्जन



सोमवार को रायचूर में गणेश जुलूस और विसर्जन ने लोगों को आकर्षित किया।

## यौन उत्पीड़न : केएफसीसी ने महिला कलाकारों के साथ बैठक की

बेंगलूरु। 'कर्नाटक फिल्म चैम्बर ऑफ कॉमर्स' (केएफसीसी) ने सिनेमा उद्योग में यौन एवं अन्य उत्पीड़न के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सोमवार को महिला कलाकारों के साथ बैठक की। इससे पहले, केएफसीसी के अध्यक्ष एन एम सुरेश ने बताया था कि कर्नाटक राज्य महिला आयोग द्वारा संस्था (केएफसीसी) को बैठक आयोजित करने को कहा था। सुरेश ने छह सितंबर को पीटीआई-भाषा से कहा था, राज्य महिला आयोग ने हमसे 13 सितंबर को एक बैठक आयोजित करने को कहा है लेकिन चूंकि यह त्योहार का समय है और कलाकार शूटिंग में भी व्यस्त रह सकते हैं, इसलिए हमने 16 सितंबर को बैठक बुलाई है। उनके मुताबिक, बैठक फिल्म उद्योग को आगे की रणनीति पर आम सहमति बनाने में मदद करेगी।

# कलबुर्गी में आज होगी मंत्रिमंडल की बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कल्याण कर्नाटक क्षेत्र के लिए लंबे समय से एक अलग सचिवालय की मांग की जा रही है और हम इसे पूरा करने की कोशिश करेंगे। कलबुर्गी को 'कल्याण कर्नाटक' या हैदराबाद कर्नाटक क्षेत्र की राजधानी के रूप में माना जाता है।**

कलबुर्गी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने सोमवार को कहा कि कल्याण कर्नाटक क्षेत्र के विकास पर चर्चा के लिए राज्य मंत्रिमंडल की बैठक यहां 17 सितंबर को होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में क्षेत्र के लिए अलग सचिवालय और औद्योगिक नीति से संबंधित फैसले लिये जा सकते हैं। कलबुर्गी में होने वाली मंत्रिमंडल की यह बैठक, क्षेत्र की निजाम शासन से मुक्ति के मौके पर मनाए जाने वाले 'कल्याण कर्नाटक उत्सव' और संविधान के अनुच्छेद 371 (जे) के 10 वर्ष पूरे होने के मौके से इतर हो रही है। अनुच्छेद 371 (जे) के तहत ही क्षेत्र को विशेष दर्जा मिला था।

सिद्दरामय्या ने कहा, हम सभी अपेक्षाओं को भले ही पूरा नहीं कर सकते, लेकिन हम निश्चित रूप से कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान निकालने की कोशिश करेंगे। बजट में जिन मुद्दों का उल्लेख किया गया था और अन्य जरूरी मुद्दों पर हम कल (मंगलवार) होने वाली मंत्रिमंडल की बैठक में चर्चा करेंगे और निर्णय लेंगे। मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस क्षेत्र में रोजगार के मुद्दों पर भी मंत्रिमंडल की बैठक के समक्ष चर्चा होने की उम्मीद है।

उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, कल्याण कर्नाटक क्षेत्र के लिए लंबे समय से एक अलग सचिवालय की मांग की जा रही है और हम इसे पूरा करने की कोशिश करेंगे। कलबुर्गी को 'कल्याण कर्नाटक' या हैदराबाद कर्नाटक क्षेत्र की राजधानी के रूप में माना जाता है।

इन जिलों पर पूर्व में हैदराबाद के निजाम का शासन था और ये राज्य के पिछड़े क्षेत्रों में शामिल हैं। बीदर, बल्लारी, विजयनगर, कलबुर्गी, कोप्पल, रायचूर और यादगीर क्षेत्र को पिछड़ेपन के कारण संविधान के अनुच्छेद 371 (जे) के तहत विशेष दर्जा प्राप्त है। सिद्दरामय्या ने मंगलवार को कल्याण कर्नाटक क्षेत्र' के लिए एक अलग औद्योगिक नीति तय किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा, हम कल (मंगलवार) हर संभव प्रयास करेंगे। हम कल्याण कर्नाटक (विकास) के पक्ष में हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कल्याण-कर्नाटक क्षेत्र के पिछड़े जिलों को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 371 (जे) में संशोधन पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में किया गया था। उन्होंने कहा कि इसे मल्लिकार्जुन खरगे (एआईसीसी अध्यक्ष) और पूर्व मुख्यमंत्री धरम सिंह के प्रयासों से पूरा किया गया था।

# क्या मानव श्रृंखला के जरिए लोकतंत्र का संरक्षण किया जा सकता है ?: कुमारस्वामी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जनता दल (एस) के नेता एवं केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को लोकतंत्र के नाम पर एक विशाल मानव श्रृंखला बनाने के लिए कर्नाटक की कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए सवाल किया कि क्या इस तरह की श्रृंखला के जरिये लोकतंत्र का संरक्षण किया जा सकता है। उन्होंने स्थानीय निकाय चुनाव कराने में देर किये जाने को भी लेकर सवाल किए। उन्होंने राज्य सरकार से स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा करने का आग्रह भी किया।

कर्नाटक सरकार ने रविवार को राज्यभर में 'ऐतिहासिक' 2,500 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाकर अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस' मनाया। यह मानव श्रृंखला समानता, एकता, भाईचारा और भागीदारीपूर्ण शासन के प्रतीक के तौर पर बनाई गई। कुमारस्वामी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मानव कल्याण को बढ़ावा देने की आड़ में आपने (सरकार ने) एक मानव श्रृंखला बनाई। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र की कोई परवाह नहीं है। यदि उसे इसकी परवाह है तो वह पहले स्थानीय निकायों के चुनाव कराए।''

उन्होंने पोस्ट में सवाल किया, ''सत्ता में आने के बाद से उन्होंने लोकतंत्र के आधार स्तंभों – जिला एवं तालुका पंचायत और बीबीएमपी (बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका) के चुनाव नहीं कराए हैं। क्यों?''

कुमारस्वामी ने कहा कि आप सत्ता में आ गए, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि स्थानीय निकायों की अनदेखी की जाए। जद(एस) के प्रदेश प्रमुख ने कहा, क्या मानव श्रृंखला के जरिये लोकतंत्र का संरक्षण किया जा सकता है? क्या करदाताओं के पैसों का दुरूपयोग लोकतंत्र के लिए सही है? पहले स्थानीय निकाय चुनाव की घोषणा करें। वास्तविक लोकतांत्रिक श्रृंखला को मजबूत करें। लोकतंत्र बचाएं।



# गृहलक्ष्मी योजना नित्य, सत्य, स्थिर है : मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक की सबसे बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं में से एक, गृहलक्ष्मी योजना कभी बंद नहीं होगी। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर ने कहा कि यह निरंतर, सत्य और निरंतर है। गृहलक्ष्मी के बारे में मैं पहले भी कई बार बता चुका हूं।

मैं फिर से स्पष्ट कर रहा हूं. गृहलक्ष्मी धन शाश्वत है, सत्य है, स्थिर है। पिछले कुछ महीनों से जो पैसा नहीं आया है उसका भुगतान तुरंत खाते में कर दिया जाएगा। लैंगिक अल्पसंख्यकों को केवल तीन महीने पहले ही आवेदन करने की अनुमति दी गई थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बकाया राशि एक साथ जमा करायी जायेगी।

**महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाई जाए कमेटी**

फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों के साथ महिला आयोग की बैठक आयोजित करने के मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ने कहा कि 'एक कमेटी जरूर बननी चाहिए। मैं भी कहती हूं कि एक कमेटी बननी चाहिए।

मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी मिल चुकी है। फिल्म इंडस्ट्री ही नहीं, किसी भी क्षेत्र में महिलाओं पर अत्याचार नहीं होना चाहिए।' मंत्री ने कहा कि किसी भी अभिनेत्री ने मुझसे आकर इस बारे में बात नहीं की है।

# बेलगावी में 8 वाहनों के बीच टक्कर, चार की मौत छह घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। बेलगाम में भीषण सड़क हादसा हुआ। जहां निप्पानी स्थवनिधि घाट के पास 8 वाहन एक के बाद एक टकराते चले गए। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर बताई गई। मृतकों में दो बाइक सवार और दो कार सवार लोग शामिल थे। घटनास्थल की तस्वीरें सामने आई हैं। जिसमें टैंकर के नीचे कार बुरी तरह फंसी हुई देखी जा सकती है। कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त दिख रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे की वक्त चीख पुकार मच गई। कुछ पलों में ही सिलसिलेवार तरीके से वाहन टकराते चले गए। तुरंत पुलिस को सूचित किया गया।

मौके पर पहुंची पुलिस के मुताबिक कंटेनर वाहन के चालक की लापरवाही से तीन कार, दो लॉरी, एक कंटेनर और बाइक चपेट में आ गई। निप्पानी के अस्पताल में घायलों का इलाज जारी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। यह मामला निप्पानी शहर थाना क्षेत्र का है। जान गंवाने वाले लोगों की पहचान संतोष गणपति माने, रेखा गादीवद्दर, जबीन मनकादरा और दिलादारा मुल्ला के रूप में हुई है। मृत गणपति और रेखा बाइकर्स थे, वहीं जबीन और दिलादारा वैगनार के यात्री थे।

वहीं एक अन्य मामले में तुमकुर जिले के मधुगिरि के बाहरी इलाके जादेगोंडानहल्ली के पास दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान गौतम (26) और बंदरहल्ली के अनिल (26) के रूप में हुई है। यह मामला जिले के मधुगिरी थाना क्षेत्र का है। मधुगिरी थाने के पीएसआई विजय कुमार ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया। एक और दुर्घटना तुमकुर जिले के गुब्बी तालुक में हुई। ये डोड्डागुनी के पास घटी। जहां एक हुंडई कार के डिवाइडर से टकराने से सात साल की बच्ची की मौत हो गई। जिसकी पहचान शालिनी के रूप में हुई है।

## कार और स्कूटर की टक्कर, महिला की मौत

कोल्लम। केरल में कोल्लम के निकट सस्थमकोट्टा में एक कार और स्कूटर के बीच टक्कर में 47 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद फरार हुए आरोपी कार चालक अजमल (27) को सोमवार सुबह हिरासत में ले लिया गया। प्राथमिकी के अनुसार, यह घटना रविवार को शाम साढ़े चार बजे सस्थमकोट्टा के पास अन्नोरक्कावु जंक्शन पर हुई। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि स्कूटर को टक्कर मारने के बाद आरोपी ने भागने की कोशिश में महिला को कुचल दिया। महिला की पहचान कुंजु मोल के रूप में की गई है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (लापरवाही से वाहन चलाना), 105 (गैर इरादतन हत्या), 125 (ए) (मानव जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले लापरवाही भरे कार्य), 125 (बी) (गंभीर चोट) और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।



# मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने ठेकेदार चालुवराजू के घर का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने आज बीबीएमपी ठेकेदार चालुवराजू के घर का दौरा किया, जिन्हें राजराजेश्वरी नगर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक मुनिरत्ना द्वारा जातिगत दुर्व्यवहार, जीवन की धमकियों और उनके परिवार के सदस्यों के बारे में बुरे शब्दों का सामना करना पड़ा था और परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी।

बाद में बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि भाजपा विधायकों के अपमानजनक शब्दों से आहत चालुवाराजू और उनके परिवार ने साहस दिया और कहा कि सरकार उचित सुरक्षा और न्याय प्रदान करेगी। पिछले दो दिनों से मीडिया में आ रहे इस मुद्दे पर सरकार कड़ी नजर रख रही है। एक महिला होने के नाते मैं दूसरी महिला को साहस देने के लिए कुछ करने आई हूं। जिन्होंने सुना है उनका कहना है कि उन्होंने ऑडियो नहीं सुना, ख़राब है। सरकार ठेकेदार चालुवराजू के साथ रहेगी। मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर ने कहा कि उनके परिवार की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है।

चालुवराजू की पत्नी ने मंत्री के सामने आंसू बहाए और मंत्री से अनुरोध किया कि हमारे पति और हमारे घर को सुरक्षा प्रदान की जाए। मंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा, चिंता मत करो बहन, जब हम सब वहां हैं तो तुम क्यों डर रही हो? आराम से अपनी दैनिक गतिविधियों में शामिल हो जाओ।

चालुराजू ने मंत्री को पूरी घटना बताई। उन्होंने कहा, मैं और मेरा परिवार डरा हुआ है और हमने मंत्री से अपील की है कि हमें सुरक्षा की जरूरत है। हनुमंथरायप्पा से बात करने के वायरल वीडियो पर टिप्पणी करते हुए, चालुवराजू ने कहा, हां, मैंने उनसे बात की, यह सच है कि उन्होंने मुझसे बात की। अधिकारी जांच कर रहे हैं. मैं सहयोग कर रहा हूं। जांच के बाद मेरे पास दो और ऑडियो, एक सीडी है, जिसे मैं कल जारी करूंगा।



# अनुकूल निवेश नीतियों से राजस्थान अक्षय ऊर्जा में निवेशकों की बना पसंद : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर कन्वेंशन एवं एग्जीबिशन सेंटर में चौथी वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेश बैठक और एक्सपो (री-इन्वेस्ट 2024) का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज राजस्थान भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है। यहां का भड़ला सोलर पार्क 2 हजार 245 मेगावाट स्थापित सोलर क्षमता के साथ दुनिया का सबसे बड़ा सोलर पार्क है। अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में निवेशकों के लिए प्रदेश में अनुकूल वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य में 28 गीगावाट अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं से लगभग 470 करोड़ यूनिट बिजली उत्पादित हो रही है और 32 गीगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। साथ ही, राज्य में 142 गीगावाट सौर ऊर्जा और 284 गीगावाट पवन ऊर्जा के उत्पादन की संभावनाएं हैं। हम वर्ष 2031-32 तक 115 गीगावाट सौर एवं पवन ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार बिजली क्षेत्र में सुधारों के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमने 'विकसित राजस्थान 2047' के संकल्प को पूरा करने के लिए अगले 10 वर्षों में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर ली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत राजस्थान के सभी जिलों में आदर्श सौर ग्राम विकसित किए जा रहे हैं। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए में 228 मेगावाट की सोलर परियोजनाएं स्थापित हो चुकी हैं और 300 मेगावाट की परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। कम्पोनेंट-सी के तहत राज्य को 4 हजार 524 मेगावाट की सौर परियोजनाओं का आवंटन किया गया है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि वैश्विक सहयोग, तकनीक, अनुसंधान, प्रशिक्षण और निवेश की सहायता से प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस दिशा में राज्य सरकार 9 से 11 दिसंबर तक जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान' इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन करने जा रही है, जिससे ऊर्जा क्षेत्र में निवेश आएगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान में विगत 9 महीनों में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राज्य सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए हैं। साथ ही, केंद्र सरकार ने राज्य में 5 हजार 292 मेगावाट क्षमता के तीन अल्ट्रा मेगा अक्षय ऊर्जा पार्क भी स्वीकृत किए हैं।

## पुलिस के सिपाही की कार घोड़े से टकराकर खाई में गिरी

कोटा। घोड़े से टकराने के बाद सोमवार को एक कार के गहरी खाई में गिर जाने से राजस्थान पुलिस के एक सिपाही की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना राज्य राजमार्ग-52 पर सुबह करीब चार बजे हुई जब डालचंद गुर्जर (40) छुट्टी के बाद सांगोद थाने में अपनी ड्यूटी पर लौट रहे थे। थाना प्रभारी सुरेश मीणा ने बताया कि एक घोड़े से टकराने के बाद गुर्जर की कार खाई में गिर गयी। उन्होंने कहा कि घोड़े को किसी अन्य अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी।

# आम आदमी की जेब लूट रही है केंद्र सरकार और तेल कंपनियां : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार और तेल कंपनियों पर आम आदमी को लूटने का आरोप लगाया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पिछले छह महीने में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें करीब 21 फीसदी कम हुई हैं, लेकिन पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया, ऐसा लगता है कि भारत सरकार और तेल कंपनियां मिलकर आम आदमी की जेब लूट रही हैं।



गहलोत ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमतों के अनुरूप पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाई जाएं तो पेट्रोल की कीमत 10 रुपये एवं डीजल की कीमत आठ रु प्रति लीटर तक कम हो सकती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में राजस्थान की जनता के साथ तो एक तरह से दोगुनी ठगी हुई है। कांग्रेस नेता ने लिखा, विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता से वादा किया था कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनने पर यहां पेट्रोल-डीजल के दाम हरियाणा और गुजरात के बराबर कर दिए जाएंगे, लेकिन आज तक ऐसा नहीं हुआ है। राजस्थान की जनता जानना चाहती है कि मोदीजी की यह गारंटी कब पूरी होगी?

# जनता ने सरकार बनाई थी लेकिन यह सर्कस बन गई : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। कांग्रेस की राजस्थान इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर कटाक्ष करते हुए रविवार को कहा कि जनता ने तो सरकार बनाई थी लेकिन यह सर्कस बन गई। उन्होंने श्री डूंगरगढ़ (बीकानेर) में किसान महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा,यह किसान सम्मेलन (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी और (गृहमंत्री) अमित शाह की आंख खोलने वाला है।... आंख बंद करके किसान के ऊपर जो जुल्म एवं अत्याचार यह मोदी सरकार साढ़े दस साल से कर रही है उसकी आंख खोलने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है। यह आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी के शासन का खात्मा करने के लिए आखिरी कील साबित होगा।



राज्य सरकार के अब तक तक के कार्यकाल पर कटाक्ष करते हुए डोटासरा ने कहा,आज मुख्यमंत्री की बात मंत्री नहीं मान रहे हैं, मंत्री की बात विधायक नहीं मान रहे हैं, नौकरशाह नहीं मान रहे हैं। मैं इसलिए कहता हूं कि लोगों ने विश्वास करके और भाजपा के धोखे में आकर सरकार बनाई थी लेकिन यह सर्कस बन गई है... सर्कस। उन्होंने कहा,क्या इनको जापान एवं कोरिया भेजने के लिए राज दिया था? ये महंगे-महंगे सूट पहनकर जापान एवं कोरिया घूम रहे हैं लेकिन किसानों एवं गरीबों की कोई सुध लेने वाला नहीं है? आज पूरे प्रदेश में भू माफिया, खनन माफिया एवं बजरी माफिया हावी हैं। डोटासरा ने कहा,नौ महीने में आदमी उम्मीद करता है कि नौ काम तो करेंगे ही। एक भी काम किया क्या? डोटासरा ने राज्य सरकार को पर्ची सरकार करार देते हुए आरोप लगाया कि राज्य में प्रशासन पूरी तरह से दिल्ली आलाकमान के नियंत्रण में है। उन्होंने आरोप लगाया, राज्य सरकार दिल्ली में बैठे आलाकमान के इशारे पर चल रही है। मंत्री, विधायक और नौकरशाही मुख्यमंत्री की बात नहीं सुनते। डोटासरा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राज्य की सात विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में एकजुटता का आह्वान किया।



# शाहपुरा व जहाजपुर सहित जिले में बाजार बंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

भीलवाड़ा। शाहपुरा जिले के जहाजपुर कस्बे में लगातार तीसरे दिन भी बाजार बंद रहे, हालांकि रविवार देर रात हिंदू संगठनों और प्रशासन के बीच सहमति बनने के बाद धरना समाप्त कर दिया गया। सोमवार को बारावफात के चलते सर्व हिन्दू समाज के बिना किसी अधिकारिक आह्वान के भी स्वैच्छिक बंद है। बंद शाहपुरा जिला मुख्यालय सहित पूरे जिले में है। बंद केवल जुलूस निकलने तक ही रखा गया है। इस बंद का असर शाहपुरा जिला मुख्यालय के अलावा खजुरी, शक्करगढ़, पीपलूंद और काछोला जैसे आसपास के कस्बों में भी देखा गया। लोगों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की है।

जहाजपुर में एकादशी पर धार्मिक जुलूस के दौरान हुए पथराव की घटना के बाद से ही तनाव बना हुआ था। इस घटना के बाद पीतांबर राय भगवान का बेवान, जिसे किले पर ले जाना था, अस्थायी रूप से आज कल्याणराय जी के मंदिर में रखा गया। प्रशासन और हिंदू संगठनों के बीच सहमति बनने तक अगले तीन दिन तक बेवान को यहीं रखा गया है। प्रशासनिक जांच के बाद ही बेवान को किले पर ले जाया जाएगा।

रविवार रात के दौरान हुए धरना प्रदर्शन के दौरान हिंदू संगठनों की मांगों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई की। इसके तहत, अवैध केबिनों और अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। इसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया और स्थिति को शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की गई। सहमति के दौरान प्रशासन ने यह भी घोषणा की है कि अवैध धार्मिक स्थलों की जांच की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि जांच पूरी होने तक पीतांबर राय भगवान का बेवान अगले तीन दिन तक कल्याणराय जी के मंदिर में ही रहेगा। इस जांच के बाद ही बेवान को किले पर ले जाया जाएगा।

शाहपुरा जिला मुख्यालय और जहाजपुर कस्बे में स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। जिला कलेक्टर राजेंद्र सिंह शेखावत, एसपी राजेश कुमार कांवट, एडिशनल एसपी चंचल मिश्रा और डीवाईएसपी अजीत सिंह मेघवंशी स्वयं मौके पर मौजूद रहकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। सभी प्रमुख इलाकों में पुलिस का गश्त बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से निपटा जा सके।

आज शाहपुरा में बारावफात का जुलूस निकाला जाएगा, जिसे लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। हर प्रमुख इलाके में सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं और लोगों से शांति और सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की गई है।

दूसरी ओर, जहाजपुर में बारावफात के जलसे को लेकर उपखंड प्रशासन ने पहले ही इसे निरस्त कर दिया था। यह निर्णय इलाके में सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए लिया गया ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। जहाजपुर में पथराव की घटना के बाद से हिंदू संगठनों में रोष व्याप्त था। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता और जल्द कार्रवाई से स्थिति को नियंत्रित किया गया है। हिंदू संगठनों की मांगों को ध्यान में रखते हुए, अवैध अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई, जिससे धरना समाप्त हुआ। प्रशासन का कहना है कि अवैध धार्मिक स्थलों की जांच जल्द पूरी की जाएगी और इसके बाद ही बेवान को किले पर ले जाया जाएगा।

जहाजपुर और आसपास के कस्बों में पिछले तीन दिनों से बाजार पूरी तरह बंद हैं। इस बंद के कारण स्थानीय व्यापारियों और दुकानदारों को काफी नुकसान हो रहा है, लेकिन लोगों ने स्वेच्छा से बंद का समर्थन किया है। बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है और लोग अपने घरों में ही रहकर स्थिति का इंतजार कर रहे हैं।

प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि जांच प्रक्रिया को तेज किया जा रहा है और जल्द ही अवैध धार्मिक स्थलों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी। इससे इलाके में शांति और सौहार्द्र लौटाने की उम्मीद है। हिंदू संगठनों और स्थानीय प्रशासन के बीच बातचीत के बाद स्थिति को सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभी तक स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है और किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है। स्थानीय समुदाय के नेताओं से भी बातचीत की जा रही है ताकि सांप्रदायिक तनाव को और बढ़ने से रोका जा सके। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इलाके में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# ईडी असिस्टेंट डायरेक्टर को मिली जान से मारने की धमकी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अजमेर। अजमेर के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के असिस्टेंट डायरेक्टर जयकिशन हिंगोरानी को उनके पड़ोसी आलोक भारद्वाज ने जान से मारने की गंभीर धमकी दी है। धमकी देते हुए आरोपी ने कहा, एक बटन दबाऊंगा और पूरा खानदान खत्म कर दूंगा। मैं न जेल जाने से डरता हूं, न मरने से। अब तुझे कोई बचाने वाला नहीं मिलेगा। दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से रंजिश चल रही है। ईडी डायरेक्टर अपने पड़ोसी के खिलाफ दो बार एफआईआर करवा चुके हैं।

जयकिशन हिंगोरानी ने राजकोट के त्रिलोक बाग थाने में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जहां वे वर्तमान में तैनात हैं। हिंगोरानी पहले भी अपने पड़ोसी आलोक के खिलाफ अजमेर के अलवर गेट थाने में दो केस दर्ज करवा चुके हैंएक 2020 में पत्नी से दुर्व्यवहार और दूसरा हाल ही में, 4 अगस्त 2024 को घर में चोरी की नीयत से घुसने का।

आरोपी ने रविवार रात 12 बजे और सोमवार सुबह 10 बजे दो वीडियो भेजे, जिनमें उसने खुद को दिल्ली में स्थित बताया और धमकी भरी बातें कहीं। वीडियो में आलोक ने कहा कि वह हिंगोरानी को जान से मारकर ही दम लेगा। उसने यह भी दावा किया कि अब जंग खुलेआम हो गई है और किसी भी हाल में पीछे नहीं हटेगा।

जयकिशन हिंगोरानी का कहना है कि उनका पुश्तैनी मकान अजमेर के नाका मदार इलाके में स्थित है। वहीं उनका पड़ोसी आलोक भारद्वाज, जो खुद को पत्रकार बताता है और सिविल इंजीनियर भी है, पहले से उनके खिलाफ कई बार आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। 2020 में आलोक ने हिंगोरानी की पत्नी से दुर्व्यवहार किया था, जिस पर हिंगोरानी ने पुलिस में मामला दर्ज करवाया था। यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। 4 अगस्त 2024 को आलोक ने चोरी की नीयत से हिंगोरानी के घर में घुसने का प्रयास किया और सीसीटीवी कैमरों से छेड़छाड़ की। इस घटना के बाद हिंगोरानी ने एक और मुकदमा दर्ज करवाया। इसके बाद से आलोक फरार है, लेकिन अब धमकी भरे वीडियो भेजकर ईडी अधिकारी को डराने की कोशिश कर रहा है।

अलवर गेट थाना प्रभारी श्याम सिंह चारण ने बताया कि 4 अगस्त की घटना के बाद से आलोक की तलाश की जा रही है। वह फरार चल रहा है और पुलिस जल्द ही उसे गिरफ्तार करने की कोशिश में लगी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## इस सप्ताह बारिश का दौर फिर शुरू होने की संभावना

जयपुर। राजस्थान में बारिश का दौर इस सप्ताह एक बार फिर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 18-19 सितंबर को पूर्वी राजस्थान में मेघ गर्जन के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार आज पश्चिम बंगाल व झारखंड के ऊपर एक गहरा दबाव क्षेत्र बना हुआ है जिसके आगामी 24 घंटे में पश्चिम दिशा की ओर आगे बढ़ने तथा कमजोर होने की संभावना है।

अधिकारियों के अनुसार इस तंत्र के प्रभाव से पूर्वी राजस्थान में 18-19 सितंबर को कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं 18 सितंबर को भरतपुर, जयपुर संभाग में कहीं-कहीं मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। कोटा, उदयपुर संभाग में भी कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।

मौसम केंद्र ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश भागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने तथा 18-19 सितंबर को शेखावाटी क्षेत्र व बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं मेघ गर्जन, आकाशीय बिजली के साथ हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।



# शासन सचिव पशुपालन ने किया पशु चिकित्सालय का निरीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। डॉ समित शर्मा, शासन सचिव पशुपालन ने सोमवार को जयपुर के पांच बत्ती स्थित बहुद्देशीय पशु चिकित्सालय में पशु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति का निरीक्षण किया। डॉ शर्मा ने चिकित्सालय में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवा और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने ओपीडी सेवाओं की समीक्षा करते हुए दैनिक चार्ट के समुचित दस्तावेजीकरण और कर्मचारियों तथा बीमार पशुओं के लिए सुविधाओं को अपडेट रखने के निर्देश दिए। शासन सचिव ने निर्देश दिया कि टीकाकरण कार्यक्रमों की समयबद्धता सुनिश्चित हो जिससे पशुओं को टीकाकरण की कमी से होने वाले रोगों से बचाया जा सके। शासन सचिव ने चिकित्सालय में उपलब्ध विभिन्न प्रकार की जांच सुविधाओं का भी जायजा लिया और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि इनके लिए प्रयुक्त होने वाले उपकरण आधुनिक तकनीकी से लैस हो जिससे रोगों की जांच और निदान समय पर और सटीक तरीके से हो सके।

डॉ शर्मा ने पशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए चिकित्सालय में विशेषज्ञों की तैनाती और दवाओं की नियमित रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## युवक ने पत्नी की हत्या करने के बाद की आत्महत्या

जयपुर। राजस्थान के झुंझुनू जिले में एक युवक ने अपनी पत्नी की कथित तौर पर हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुलताना थाना प्रभारी भगवान राम ने सोमवार को बताया कि राजेश कुमार (30) और मंजू (28) की शादी कुछ साल पहले हुई थी और दोनों में अक्सर झगड़ा होता रहता था। तीन दिन पहले ही वे किराए के मकान में आए थे। उन्होंने बतया कि राजेश ने रविवार को रस्सी से अपनी पत्नी का गला घोंट दिया और फिर खुद फांसी लगा ली। मामला तब प्रकाश में आया जब मंजू का भाई उनके कमरे में गया, लेकिन कमरा अंदर से बंद था। उन्होंने कहा, जब अंदर से कोई जवाब नहीं आया, तो पुलिस को सूचित किया गया।

## नौ दिवसीय अग्रसेन जयंती का शुभारंभ 27 को

अजमेर। राजस्थान के अजमेर में अग्रवाल समाज के कुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन महाराज की 5148 वीं जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी, नौ दिवसीय समारोह का आयोजन 27 सितंबर से शुरु होकर पांच अक्टूबर तक चलेगा।

महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के मुख्य संयोजक अशोक पंसारी एवं सुनील गोयल नें आज यहां बताया कि 27 सितम्बर से प्रारम्भ हो रहे नौ दिवसीय कार्यक्रमों की निमंत्रण पत्रिका का महाराजा अग्रसेन स्कूल स्थित मंदिर में प्रथम पूज्य गणेश जी, कुलदेवी माता लक्ष्मी जी, कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन जी की विधि विधान से पूजा करके विमोचन किया गया। मुख्य संयोजक शैलेन्द्र अग्रवाल और विष्णु मंगल ने बताया कि 18 पेज की निमंत्रण पत्रिका में जयंती समारोह के कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी है, कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये 80 से ज्यादा संयोजक बनाये गये हैं। मुख्य संयोजक लोकेश अग्रवाल एवं दिनेश प्रणामी ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत 27 को प्रातः 7.30 बजे से केसरगंज से वाहन एवं साइकिल रेली से होगी।

## मुलाकात



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पाली स्थित अपने निजी निवास पर विभिन्न स्थानों से आए भाजपा कार्यकर्ताओं व आमजन से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना एवं उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शिक्षण व्यवस्था को तकनीक के साथ जोड़ने पर ज़ोर दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शिक्षण व्यवस्था को तकनीक के साथ जोड़ने पर ज़ोर देते हुए सोमवार को कहा कि प्रतिबद्धता, लक्ष्य निर्धारण एवं एक दूसरे के सहयोग से शानदार नतीजे मिलते हैं जिससे परिवर्तन लाया जा सकता है। पटेल सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के 67 वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

राज्यपाल ने वर्तमान युग को विज्ञान एवं तकनीक का युग बताते हुए कहा, शिक्षण व्यवस्था को तकनीक के साथ जोड़कर बदलना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय यह प्रयास करे कि विद्यार्थी क्लास रूम शिक्षण के साथ-साथ डिजिटल रूप से भी जुड़ें तथा विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित करें तथा ऐसे खिलाड़ी तैयार करें जो देश-प्रदेश का शीश गर्व से ऊंचा कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास पर बल देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे विद्यार्थियों की रचना करें जो न केवल वर्तमान युग बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत का भी वाहक बने।

विश्वविद्यालय की कुलाधिपति ने कहा कि शिक्षण एक महान कार्य है, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को ज्ञान प्रदान करता है।

राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित लोगों का जलवायु परिवर्तन की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण, जल संरक्षण और प्रदूषण को कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारत इस क्षेत्र में भी विश्व का नेतृत्व करेगा।

राजभवन से जारी एक सरकारी बयान के अनुसार, समारोह में विद्यार्थियों को कुल 1,06,306 उपाधियां एवं 105 मेधावी छात्रों को 196 पदक प्रदान किए गए। सर्वाधिक 13 पदक शैलजा चौरसिया को प्रदान किए गए, जिनमें 10 स्वर्ण पदक शामिल थे।

## सारण में 'चांद-तारे' वाले तिरंगा फहराने के आरोप में दो लोग हिरासत में लिए गए

**सारण/भाषा।** बिहार के सारण जिले की पुलिस ने सोमवार को ईद मिलाद-उन-नबी जुलूस के दौरान अशोक चक्र की जगह 'चांद और तारे' वाला तिरंगा ध्वज फहराने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया है। सारण पुलिस ने एक बयान में बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो मिला है जिसमें तिरंगे झंडे में अशोक चक्र के स्थान पर 'चांद तारा' बना हुआ है और यह भारतीय ध्वज संहिता 2002 सहित कई कानूनों का उल्लंघन है।

सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार आशीष ने बताया कि कोपा थाना अंतर्गत ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस के दौरान कथित रूप से इस तरह का झंडा फहराने के मामले में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन समेत झंडे को जब्त कर लिया है और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिसने उन्हें यह झंडा बनाकर दिया है, पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है।

बयान में पुलिस ने बताया कि इस बाबत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

पूछा गया कि क्या जुलुस के लिए प्रशासन से अनुमति प्राप्त की गई थी तो एसपी ने कहा कि इस बारे में पता किया जा रहा है और जो लोग भी इसमें शामिल थे सभी व्यक्तियों को चिन्हित कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने लोगों को यह चेतावनी भी दी है कि कोई भी सोशल मीडिया पर वैमनस्य फैलाने वाला पोस्ट न करें और ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई, अतिक्रमण विरोधी अभियान किसी समुदाय के प्रति लक्षित नहीं : बीरेन सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इम्फाल/भाषा।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार की ''मादक पदार्थ के खिलाफ मुहिम'' और आरक्षित वनों में अतिक्रमण हटाने के अभियान किसी खास समुदाय के प्रति लक्षित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले छह साल में 60,000 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं और 18,000 हेक्टेयर में अफीम की खेती नष्ट की गई और यह स्वाभाविक है कि इस तरह के अभियानों से प्रभावित लोग परेशान होंगे। सिंह ने यहां प्रेस क्लब में 'ऑल वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन' के स्वर्ण जयंती समारोहों में अपने संबोधन में कहा, जब मैं मीडिया के पेशे में था, मादक पदार्थ की समस्या के कारण बड़ी संख्या में एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आए थे। यही कारण है कि मैंने मुख्यमंत्री बनने के बाद मादक पदार्थ की समस्या का हल करने के बारे में सोचा। इसने पीढ़ियों को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा, मैंने मादक पदार्थों के खिलाफ मुहिम चला रखी है। यह किसी समुदाय को प्रति लक्षित नहीं है। आरक्षित वनों में अतिक्रमण हटाने संबंधी अभियान के बारे में सिंह ने कहा, मैं वनों को बचाना चाहता हूं। यह अभियान केवल पर्वतीय क्षेत्रों में ही नहीं चलाया गया। यहां तक कि घाटी के जिलों में भी कई लोगों को अतिक्रमण के कारण हटाया गया। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र इम्फाल पूर्व में स्थित हेइंगंग और थौबल के वेथौ में भी इस तरह के अभियान चलाए गए। सिंह ने कहा कि राज्य में 30 से अधिक जनजातियां हैं जिन्हें सरकार ने मान्यता दी है और ''हर किसी को खुद को भारतीय और गौरवान्वित मणिपुरी समझना चाहिए। सिंह ने हिंसाग्रस्त मणिपुर में शांति कायम करने के लिए रचनात्मक चर्चा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं सभी से अनुरोध करना चाहता हूं कि हमें एकजुट होने की आवश्यकता है क्योंकि यह एक कठिन समय है... हमें शांति लाने के तरीके पर मीडिया में भी अधिक रचनात्मक चर्चा करने की आवश्यकता है। पिछले वर्ष मई से मणिपुर में जातीय हिंसा में 200 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हुए हैं। सिंह ने दावा किया कि अवैध प्रवासियों का आना और मादक पदार्थ की समस्या इस संकट का ''मूल कारण'' है।

## ओडिशा कौशल विकास में अग्रणी बनने की राह पर : मुख्यमंत्री माझी



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को कहा कि राज्य कौशल विकास में अग्रणी बनने की राह पर है। उन्होंने 10 से 15 सितंबर के बीच फ्रांस के ल्योन शहर में आयोजित 47वीं विश्व कौशल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए दो स्थानीय युवाओं को बधाई देते हुए यह बात कही।

इन दो युवाओं के नाम अमरेश कुमार साहू और गेडेला अखिल हैं। साहू ने अक्षय ऊर्जा में कांस्य पदक जीतकर जबकि अखिल ने जल प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता के लिए पदक जीतकर ओडिशा को वैश्विक स्तर पर गौरवान्वित किया।

उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए माझी ने एक बयान में कहा, विश्व कौशल प्रतियोगिता में हमारे कुशल युवाओं की उपलब्धियां ओडिशा के लिए गर्व की बात हैं। उनकी सफलता युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह जीत कई अन्य लोगों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। मुख्यमंत्री ने उनके प्रशिक्षण में सहयोग देने वाले संस्थानों के योगदान की भी सराहना की। देवगढ़ जिले के मूल निवासी अमरेश वर्तमान में सीटीटीसी, भुवनेश्वर में मेकाट्रॉनिक्स में डिप्लोमा कर रहे हैं। अखिल सी.वी. रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर में सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक कर रहे हैं। अमरेश ने वियतनाम से विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया, जबकि अखिल को दक्षिण अफ्रीका के एक विशेषज्ञ से मिली सलाह का लाभ मिला। विश्व कौशल प्रतियोगिता एक अंतरराष्ट्रीय आयोजन है जिसमें 80 से अधिक देशों के प्रतिभागी विनिर्माण, प्रौद्योगिकी और सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा के लिए एकत्रित होते हैं।

## बाढ़ से जनता त्रस्त, सरकार और अधिकारी मस्त : अखिलेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर बाढ़ से घिरे सैकड़ों गांवों के लोगों की परेशानियों के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि जनता बेहाल है और सरकार अपने कार्यों में मस्त है।

यादव ने यहां एक बयान में कहा कि प्रदेश के दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव बाढ़ और भारी बरसात से प्रभावित हैं तथा जनजीवन तबाह है।

उन्होंने कहा कि बाढ़ से किसानों की खेती, घर आदि बर्बाद हो गए हैं तथा कई लोगों की जानें चली गईं हैं, लेकिन सरकार पूरी तरह से लापरवाह बनी हुई है।

यादव ने आरोप लगाया कि जनता बेहाल है तथा सरकार और अधिकारी अपने ही कामों में मस्त हैं तथा सरकार को जनता की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा, प्रदेश के सीतापुर, अयोध्या, बहराइच, गोण्डा व बाराबंकी जिलों में नदियां उफान पर हैं। सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में है। गांवों और घरों में पानी घुस गया है। सरकार पूरी तरह अकर्मण्य बनी हुई है। आम जनता एक तरफ बाढ़ के पानी से संकट में है तो दूसरी तरफ जंगली जानवरों से दहशत में है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि तराई इलाकों में भेड़ियों और अन्य जंगली जानवर आम लोगों की जान ले रहे हैं। उन्होंने कहा, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर और पीलीभीत में जंगली जानवर दर्जनों ग्रामीणों और बच्चों पर हमला करके उन्हें मार चुके हैं। समाजवादी पार्टी पिछले एक साल से ज्यादा समय से इस मुद्दे को उठा रही है, लेकिन सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं की। लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

अखिलेश यादव ने दावा किया कि सरकार के मंत्रियों की फौज और प्रशासन तंत्र जनता की परेशानियों को दूर करने के बजाय सत्ता का दुरूपयोग करने में लगा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि पीड़ित लोगों को कोई मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई भारी बारिश से कई लोगों की मौत हो गई लेकिन सरकार पीड़ितों के पास तक नहीं पहुंची और न ही उनकी कोई मदद की।

## जद (यू) ने 'एक देश, एक चुनाव' का समर्थन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** जनता दल (यूनाईटेड) ने सोमवार को 'एक देश, एक चुनाव' का समर्थन करते हुए कहा कि इससे नीतियों में निरंतरता बनी रहेगी तथा बार-बार चुनाव से होने वाली परेशानियों से भी बचा जा सकेगा।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख सहयोगी का यह बयान ऐसे समय आया है जब सरकार के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत मौजूदा सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही 'एक देश, एक चुनाव' को लागू करेगी। सूत्र ने यह भरोसा भी जताया कि इस सुधार को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने एक वीडियो जारी कर कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' पर उनकी पार्टी और राजग की राय एक समान है। उन्होंने कहा, हम यह मानते हैं कि इससे देश में नीतियों की निरंतरता जारी रहेगी। बार-बार होने वाले चुनाव से विकास की योजनाओं की गति अवरुद्ध होती है और अन्य परेशानियां भी आती हैं। इनसे निजात मिलेगी। प्रसाद ने कहा कि इससे मतदाता भी बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर आएंगे और विकास के कार्य भी निर्बाध गति से जारी रहेंगे। उन्होंने कहा, विकास की योजनाओं को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के जो फैसले हैं, उनका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा।

## शेख रशीद की एआईपी, जमात-ए-इस्लामी किसी ओर के इशारे पर काम कर रही : उमर अब्दुल्ला



**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि लोकसभा सदस्य शेख अब्दुल रशीद की अवामी इत्तेहाद पार्टी (एआईपी) और जमात-ए-इस्लामी के बीच हुए गठबंधन की डोर कहीं ओर से जुड़ी है और नेकां को टक्कर देने के लिए इसे कहीं ओर से खींचा जा रहा है। एआईपी और जमात-ए-इस्लामी पर निशाना साधते हुए अब्दुल्ला ने पुलवामा जिले के पंपोर विधानसभा क्षेत्र में कहा, उनके तार कहीं और से जुड़े हुए हैं, उन्हें किसी ओर से आदेश मिलते हैं और वे उन्हीं की धुन पर नाचते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री एआईपी द्वारा प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी के पूर्व सदस्यों के साथ गठबंधन करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे, जो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा, उन्हें नेशनल कॉन्फ्रेंस से मुकाबला करने के लिए मैदान में उतारा गया है। हमें कोई समस्या नहीं है, हम उनसे लड़ेंगे। भाजपा के इस दावे के बारे में पूछे जाने पर कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्रीनगर में संबोधित की जाने वाली चुनावी रैली में 30,000 लोगों के आने की उम्मीद है, नेकां उपाध्यक्ष ने कहा कि रैलियों के लिए लोगों को इकट्ठा किया जा सकता है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये (संख्या) वोट में तब्दील हो जाएं। उन्होंने दावा किया, पैसे का इस्तेमाल करके 30,000 लोगों को इकट्ठा करना कितना मुश्किल है? प्रधानमंत्री ने पहले भी सरकारी कर्मचारियों को इकट्ठा करके एक रैली को संबोधित किया है। मुझे रैलियां मत दिखाइए, मुझे ये दिखाइए कि वोट किसे मिलता है। भाजपा को कश्मीर घाटी से एक सीट जीतने दीजिए, फिर हम बात कर सकते हैं।

## भारत एसीटी के फाइनल में: हरमनप्रीत के दो गोल से कोरिया को 4-1 से हराया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हुलुनबुइर (चीन)/भाषा।** बेहतरीन फॉर्म में चल रहे कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19वें और 45वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि उत्तम सिंह (13वें मिनट) और जरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। कोरिया की तरफ से एकमात्र गोल यैंग जिहुन (33वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। भारत मंगलवार को होने वाले फाइनल में मेजबान चीन से भिड़ेगा। भारत ने लीग चरण के मैच में चीन को 3-0 से हराया था। चीन ने दिन के पहले सेमीफाइनल में पाक को शूटआउट के जरिए 2-0 से हराया था। दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थीं। तीसरे स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में पाक और कोरिया की टीम आमने सामने होंगी। मैच मंगलवार को खेला जाएगा। पांचवें-छठे स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में जापान ने निर्धारित समय में 4-4 से बराबरी के बाद शूटआउट में मलेशिया को 4-2 से हराया।

## शाही ईदगाह विवाद: मुस्लिम पक्ष की याचिका पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन ट्रस्ट समिति द्वारा उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करेगी। मस्जिद प्रबंधन समिति की याचिका अधिवक्ता आरएचए सिकंदर के माध्यम से दायर की गई है।

उच्च न्यायालय ने एक अगस्त को मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था और व्यवस्था दी कि शाही ईदगाह के 'धार्मिक चरित्र' को निर्धारित करने की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया था कि कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर को लेकर विवाद से संबंधित हिंदू वादियों द्वारा दायर मुकदमे पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं और वे स्वीकार्य नहीं हैं।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' थाह लेने के लिए छोड़ा गया शिगूफा : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' व्यवहारिक नहीं है और थाह लेने लिए एक बार फिर यह शिगूफा छोड़ा गया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि कई विधानसभाएं हैं, जिन्हें भंग नहीं किया जा सकता है।

सूत्रों ने रविवार को कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही 'एक देश, एक चुनाव' व्यवस्था लागू करेगी और उसे भरोसा है कि इस सुधार को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सूत्रों ने बताया था कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर एकजुटता शेष कार्यकाल में भी बनी रहेगी।

इस बारे में पूछे जाने पर सुप्रिया ने कहा, सरकार सूत्रों पर कब तब चलती रहेगी? सरकार के अधिकृत व्यक्ति इस बारे में बात क्यों नहीं करते? सरकार कोई मसौदा क्यों नहीं पेश करती? सरकार सर्वदलीय बैठक क्यों नहीं बुलाती?'' उन्होंने कहा कि असलियत यह है कि तमाम ऐसी विधानसभाएं हैं, जिन्हें आप भांग नहीं कर सकते हैं।

## आरजी कर अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों ने सबूतों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों ने प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित दुष्कर्म और हत्या के मामले में सबूतों से छेड़छाड़ का सोमवार को आरोप लगाया। उन्होंने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उनके तथा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच बैठक का सीधा प्रसारण करने की अपनी मांग दोहराई।

एक चिकित्सक ने कहा, हम ऐसे सभी जघन्य अपराधों की निंदा करते हैं। यह अपराध पश्चिम बंगाल सरकार तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बीच साठगांठ का नतीजा है।

चिकित्सकों ने आरोप लगाया कि इस मामले में ''सबूतों से छेड़छाड़'' की गई।

# सलामी बल्लेबाज जायसवाल नेट अभ्यास के दौरान तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





**चेन्नई/भाषा।** अपने टेस्ट करियर में शानदार आगाज करने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सोमवार को यहां भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान जसप्रीत बुमराह और अन्य तेज गेंदबाजों के खिलाफ जूझते दिखे।

जायसवाल को भारतीय क्रिकेट का भविष्य का सितारा माना जाता है और उन्होंने टेस्ट प्रारूप में अपने करियर के शुरुआती साल में बल्ले से काफी प्रभावित किया है। इस वामहस्त बल्लेबाज ने अपने शुरुआती नौ टेस्ट मैच में 68.53 की औसत से 1028 रन बनाए हैं। उन्होंने ने हालांकि इसमें से 700 से ज्यादा रन इंग्लैंड के खिलाफ पिछली घरेलू शृंखला में बनाए। तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर दो टेस्ट मैचों में वह उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। भारत को इस सत्र में 10 टेस्ट मैच खेलने हैं। इसमें पांच टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया में तेज गेंदबाजों की मददगार पिचों पर होंगे, ऐसे में जायसवाल को अपनी इस कमजोर कड़ी से जल्द ही निजात पाना होगा।

मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजों का सामना करने से पहले जायसवाल के सामने 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की शृंखला में शानदार लय में चल रहे तस्कीन अहमद और नाहिद राणा जैसे तेज गेंदबाजों की चुनौती होगी। तस्कीन और राणा ने पाकिस्तान दौरे पर अपनी गति, स्विंग और उछाल से बल्लेबाजों को काफी परेशान किया और टीम को पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट शृंखला में जीत दिलाने में मदद की। जायसवाल मौजूदा सत्र में प्रथम श्रेणी मैच में भी छाप छोड़ने में नाकाम रहे। दलीप ट्रॉफी मैच में वह आवेश खान और खलील अहमद की गेंद पर सस्ते में पवेलियन लौट गए। चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले जायसवाल ने बुमराह के खिलाफ काफी अभ्यास किया। वह हालांकि बुमराह के साथ सिमरजीत सिंह, गुरनूर बराड़ और गुरजनप्रीत सिंह जैसे नेट गेंदबाजों के खिलाफ सहज नहीं दिख रहे थे। गेंद कई बार उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर निकली।

## साक्षी मलिक, अमन सहरावत और गीता फोगाट ने कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और अमन सहरावत ने पूर्व विश्व चैम्पियनशिप कांस्य विजेता गीता फोगाट के साथ सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) शुरू करने की घोषणा की। देश के उभरते पहलवानों के लिए आयोजित होने वाली इस लीग का समर्थन करने से हालांकि राष्ट्रीय महासंघ ने मना कर दिया है।

साक्षी ने बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध का नेतृत्व किया था। बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न का आरोप है। बजरंग और विनेश के अगले महीने होने वाले हरियाणा विस चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल होने के बाद साक्षी ने खुद को उन दोनों से अलग कर लिया। साक्षी ने 2016 रियो ओलंपिक में 58 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने गीता के साथ इस लीग की घोषणा की। गीता 2012 विश्व चैम्पियनशिप में 55 किग्रा भारवर्ग की कांस्य पदक विजेता है इन दोनों ने बताया कि इस लीग में उनके साथ पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन भी हैं। उन्होंने हालांकि अमन के इस लीग से जुड़ाव को लेकर विस्तार से जानकारी नहीं दी। गीता ने उम्मीद जताई की इस लीग के लिए उन्हें महासंघ और सरकार से समर्थन मिलेगा। गीता ने 'पीटीआई-भाषा' कहा, साक्षी और मैं लंबे समय से इस लीग की योजना बना रहे हैं। जल्द ही यह अंतिम रूप ले लेगा। हमने अभी तक डब्ल्यूएफआई से बात नहीं की है लेकिन यह बहुत अच्छा होगा अगर महासंघ और सरकार हमारा समर्थन करें।

## सुविचार

**कठिन परिश्रम से सफलता मिलती है, आलस्य से पराजय अहंकार से कठिनाइयाँ!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# स्वीडन से सबक लें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का मुद्दा उठाकर एक ऐसी समस्या की ओर देशवासियों का ध्यान आकर्षित किया है, जिसका समय रहते समाधान नहीं किया गया तो यह भविष्य में बड़ा सिरदर्द बन सकती है। प्राय: कई राजनीतिक दल इसका जिक्र करने से ही परहेज करते हैं। वे घुसपैठ का विरोध करना तो दूर, उसमें भी वोटबैंक की संभावनाएं ढूंढ़ लेते हैं। अब घुसपैठ किसी एक राज्य या केंद्रशासित प्रदेश का मुद्दा नहीं है। तमिलनाडु से लेकर लद्दाख तक ऐसे कई इलाके हैं, जो घुसपैठियों के डेरा डालने की वजह से चर्चा में हैं। असम, पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में यह बहुत बड़ा मुद्दा है। वहीं, महाराष्ट्र, कर्नाटक और राजस्थान से भी आए दिन बांग्लादेशियों के पकड़े जाने की खबरें मिलती रहती हैं। ये घुसपैठिए न केवल हमारे संसाधनों पर अवैध ढंग से कब्जा कर रहे हैं, बल्कि शांति और सद्भाव के लिए चुनौती भी बन रहे हैं। यूरोप भी इसी समस्या से त्रस्त है। जो कभी शांति, खुशहाली, सद्भाव और सहिष्णुता की धरती कहलाती थी, आज वहां हालात बिगड़ते जा रहे हैं। स्वीडन में पाकिस्तान, अफगानिस्तान, इराक, सीरिया जैसे देशों से इतने लोग आ चुके हैं कि अब वहां की सरकार को चिंता सताने लगी है। अगर किसी न किसी बहाने इसी तरह लोगों का आना और वहां डेरा डालना जारी रहा तो भविष्य में स्वीडन के शहर भी काबुल और कराची जैसे बन जाएंगे। वहां स्थानीय लोगों के हितों की रक्षा का मुद्दा उठाने वाले कई संगठन बनने लगे हैं। उनके तेवर देखकर माना जा रहा है कि स्वीडन की राजनीति कुछ और ही करवट ले सकती है।

स्वीडन की सरकार एक और योजना पर काम कर रही है, जिसके तहत ऐसे लोगों को उनके देश लौटने के लिए 34,000 डॉलर की पेशकश की जा सकती है। यह रकम पाकिस्तान के 94 लाख रुपए से भी ज्यादा है। कभी अति-उदारता के नाम पर जिनके लिए दरवाजे खोले थे, आज उन्हें मोटी रकम देकर लौटने का आग्रह किया जा रहा है! क्या इससे मसला हल हो जाएगा? स्वीडन सरकार फिर वही गलती करने जा रही है, जो पूर्ववर्ती सरकारों ने की थी। इतनी बड़ी रकम देखकर वहां पाकिस्तान, अफगानिस्तान जैसे देशों से घुसपैठ बढ़ेगी। लोग अपने रिश्तेदारों को बुलाना शुरू कर देंगे। यही नहीं, कई लोग रकम लेकर स्वदेश चले जाएंगे। उसके बाद किसी न किसी तरीके से दोबारा आकर दावा कर देंगे। ऐसे मामलों में सरकारों को वोटबैंक और ढीली नीतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में सख्त फैसला लेना चाहिए। देश के संसाधनों पर देश के नागरिकों का अधिकार होता है। सरकार को उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए दृढ़ता दिखानी चाहिए। सरकारों के ढुलमुल रवैए से वही होता है, जो आज यूरोप के कई देशों में हो रहा है। पाक मूल के एक प्रोफेसर, जो स्वीडन में वर्षों से पढ़ा रहे हैं, ने एक साक्षात्कार में बताया था कि एक बार उन्होंने वहां इराक-सीरिया जैसे देशों से आए 'शरणार्थियों' में से कुछ लोगों को पंजाबी बोलते सुना। उन्हें हैरत हुई कि अरबीभाषी देशों के लोग इतनी धाराप्रवाह पंजाबी कैसे बोल सकते हैं! जब उन्होंने उसी भाषा में बातचीत की तो पता चला कि वे पाकिस्तानी पंजाब के विभिन्न इलाकों से थे और खुद को उक्त देशों के शरणार्थी बताकर स्वीडन में दाखिल हो गए थे। उन्होंने सरकार की ओर से मुफ्त आवास, मुफ्त भोजन, चिकित्सा और तमाम सुविधाओं का जमकर लाभ भी उठाया होगा। सरकारों के ऐसे रवैए भविष्य में घातक ही सिद्ध होते हैं। हमें इससे सबक लेना चाहिए। राजनीतिक दलों और नेताओं के लिए राष्ट्रहित सर्वोच्च होना चाहिए। उन्हें घुसपैठ के मुद्दे को लेकर जनमानस में चेतना पैदा करनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक




भाजपा विचारधारा आधारित वो पार्टी है जहां कार्यकर्ता को सर्वोपरि माना जाता है। भाजपा में 'बूथ जीते तो चुनाव जीते' नीति पर कार्य करते हुए आमजन को जोड़ा जाता है। भाजपा अपने बूथ मैनेजमेंट को मजबूत करने का कार्य कर रही है।

**-मदन राठौड़**



माँ त्रिपुर सुंदरी की कृपा भूमि त्रिपुरा राज्य के पश्चिमी क्षेत्र में सिद्धेश्वरी मंदिर के उद्घाटन एवं प्राण-प्रतिष्ठा हेतु आज आयोजित कार्यक्रम में पूज्य संत गण व त्रिपुरा के माननीय मुख्यमंत्री प्रो. (डॉ.) माणिक साहा जी के साथ सम्मिलित हुआ।

**-योगी आदित्यनाथ**



झारखंड में हिन्दुस्तान का सबसे समृद्ध राज्य बनने की क्षमता है। हमारी सरकार विकसित झारखंड, विकसित भारत के लिए संकल्पित है। आज टाटानगर में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर गर्व की अनुभूति हो रही है।

**-नरेन्द्र मोदी**

## प्रेरक प्रसंग

# चरित्रबल से स्वराज

आचार्य चाणक्य राजनीति के प्रकांड पंडित थे। समय-समय पर राजा से लेकर साधारण व्यक्ति तक उनसे अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया करते थे। एक दिन एक विद्वान पंडित उनके पास आए और पूछा, 'आचार्य, दुनिया में भाग-दौड़ और अर्थ संचय की प्रतिस्पर्धा चल रही है। आखिर लोग इससे क्या प्राप्त करना चाहते हैं?' आचार्य चाणक्य ने उत्तर दिया, 'सुख।' उस पंडित ने फिर पूछा, 'वास्तविक सुख मिलता कैसे है?' आचार्य ने कहा, 'धर्मपूर्वक सात्विक जीवन व्यतीत करने से। धर्मानुसार जीवन जीना संभव है, जब देश में सदाचारी शासक हो। बाहरी शासन में न तो धर्मानुसार जीवन संभव होता है और न ही व्यापार सुचारु रूप से चल सकता है।' फिर पंडित ने पूछा, 'स्वाधीन राष्ट्रों का स्वराज्य अक्षुण्ण कैसे रह सकता है?' आचार्य चाणक्य का उत्तर था, 'चरित्र के बल से। यदि सत्ता स्वार्थी और भ्रष्ट लोगों के हाथों में जाएगी, तो स्वराज्य सुराज न होकर कुराज हो जाएगाा और इसका दुष्परिणाम शासक और प्रजा दोनों को भुगतना पड़ेगा। अत: राष्ट्रीय संकल्प लेकर, जो शासक स्वयं सदाचार का पालन करता है और जनता के कल्याण के लिए कार्य करता है, उसे किसी भी संकट का सामना नहीं करना पड़ता।'

## सामयिक

# अमेरिका में उनके वक्तव्यों को देशहित का तो नहीं मान सकते

**अवधेश कुमार**

मोबाइल -98110 27208




**भारत की एकता -अखंडता तथा विश्व में इसके प्रभाव बढ़ने , सम्मान मिलने के प्रति समर्पित कोई नेता विदेशी भूमि पर इस तरह की बातें नहीं कर सकता। आपको आरएसएस , बीजेपी से मतभेद है तो देश के अंदर प्रकट कर सकते हैं। उसमें भी राहुल गांधी जी अतिवाद की सीमा तक जा रहे हैं जो हमारे अंदर ही तनाव और हिंसा बढ़ाने तथा उथल-पुथल मचाने की पर्याप्त क्षमता रखता है।**

राहुल गांधी की अमेरिका यात्रा पर मचा बवंडर बिलकुल स्वाभाविक है। विपक्ष का नेता बनने के बाद राहुल गांधी की यह पहली विदेश यात्रा थी। राहुल गांधी के लिए देश के हितों के प्रति सतर्क एवं उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार करने वाले नेता के रूप में स्वयं की छवि निर्मित करने का उनके लिए महत्वपूर्ण अवसर था। ओवरसीज कांग्रेस ऑफ इंडिया के प्रमुख सैम पित्रोदा ने कह दिया था कि राहुल गांधी की विपक्ष के नेता के रूप में नहीं निजी यात्रा है। क्या लोकसभा में विपक्ष का नेता या संवैधानिक दायित्व निभाने वाला कोई व्यक्ति अपने सार्वजनिक वक्तव्यों के बारे में कह सकता है कि उस पद के द्वारा नहीं मेरा निजी विचार है क्योंकि मैं अपने अंदर दो चरित्र लेकर चलता हूं? कार्यक्रमों में उनके दिए गए वक्तव्य हों या प्रश्नोत्तर या फिर मुलाकातें ..कोई आयोजन ऐसा नहीं था जिसे सामान्य सहज रूप में स्वीकार किया जाए? भारत का नेता विदेश की भूमि पर जाकर यह कहे कि हमारे देश में चारों ओर भय का माहौल है, धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला है, एक संगठन समूह को छोड़कर अन्यों को अपने मजहब, पंथ, संप्रदाय , भाषा के अनुसार और वेशभूषा के साथ निकालने या महत्वपूर्ण जगहों पर प्रवेश करने तक पर खतरा है अल्पसंख्यकों तथा समाज के पिछड़ों व वंचित वर्गों के विरुद्ध हिंसा हो रही है विरोधी राजनेताओं को जेल में डाला जा रहा है तथा भारत की विविधताओं को समाप्त किया जा रहा है तो इसका अर्थ क्या लगाया जाए?

जब उनका कार्यक्रम पहले से तय था तो उन्हें क्या बोलना है इनका निर्धारण भी पहले हो गया होगा। 2017 से उनकी राजनीतिक विदेश यात्राएं हो रही हैं और अभी तक के उनके वक्तव्य को देखें तो आपको हैरत नहीं होगी। हर यात्रा में उन्होंने विश्व समुदाय के समक्ष भारत की एक झूठी डरावनी तस्वीर पेश की है। वे लगातार कहते रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद आरएसएस का सारी संस्थाओं पर कब्जा है , हम विविधता को मानते हैं वे एकरूपता के लिए सत्ता की ताकत का उपयोग कर रहे हैं। इसी में वे जोड़ते रहे हैं कि समाज में दलितों , पिछड़ों , अल्पसंख्यकों और उनके विचार से असहमत होने वालों को हिंसा, प्रताड़ना और अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर विरोधी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। संपूर्ण मीडिया पर कब्जा है और हमारे पास अपनी बात रखने के मंच नहीं हैं। लगभग ये ही बातें थोड़ी अलग या समान शब्दावलियों में उन्होंने इस बार भी बोला है। पिछले चुनाव में मोदी सरकार संविधान खत्म कर देगी आरक्षण समाप्त कर देगी का असर उन्हें दिखा इसलिए ये विषय भी प्रमुखता से उठाया। पिछले वर्ष की अमेरिका यात्रा में उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के बारे में कहा था कि जब हमारे पास अपनी बात रखने या जनसंवाद करने का कोई माध्यम नहीं बचा तो हम जनता के बीच यात्रा पर निकल पड़े। इस बार भी उन्होंने इसकी चर्चा की। इस बार अंतर इतना था कि उन्होंने बताया कि लोगों ने समझा है और चुनाव परिणाम ने इसे साबित किया है। अब नरेंद्र मोदी से लोग डर नहीं रहे , सवाल पूछ रहे हैं और उनका आत्मविश्वास विश्वास खत्म गया है। वैसे यह बात भारत में वह बोल चुके थे।

राहुल गांधी के रणनीतिकार, सलाहकार, थिंक टैंक सब प्रफुल्लित होंगे क्योंकि जैसा वे चाहते थे राहुल गांधी पूरी तरह तैयार होकर देश के साथ विदेश में भी उतर चुके हैं। किंतु यह भूल गए कि एक बार आपने देश की छवि विदेशों में खराब कर दी तो यह केवल मोदी सरकार के लिए नहीं संपूर्ण भारत के लिए समस्या और चुनौती बनेगा। कल्पना करिए, जो संस्थाएं उभरते और खड़ा होते हुए भारत को रोकने के लिए झूठी रिपोर्ट के आधार पर विश्व के निरंकुश, अभिव्यक्ति और धार्मिक स्वतंत्रता का दमन करने वाले देशों की सूची में डालने की वकालत कर रहे हैं उनके लिए तो राहुल गांधी को उद्धृत कर अपनी बात की पुष्टि करना ज्यादा आसान हो जाएगा। उनकी मुलाकातों की सूची में हमने भारत विरोधी और यहां तक कि भारत के विरुद्ध अमेरिकी कांग्रेस में मतदान करने वाली इलाहान उमर की चर्चा है किंतु पूरी सूची में ऐसे ही लोग थे जो अल्पसंख्यकों, मुसलमानों , मानवाधिकारों आदि के नाम पर भारत विरुद्ध अभियान चलाते रहे हैं। इनमें पाकिस्तान समर्थक हैं।

जरा सोचिए, कोई विदेशी नेता पाक अधिकृत कश्मीर को भारत का भाग नहीं मानता, कश्मीर में जनमत संग्रह की आवाज उठाता है तथा अमेरिका में भारतीयों के लिए वीजा नियमों को आसान करने वाले विधायक के विरुद्ध मतदान करता है उसका हमारे देश के किसी नेता के साथ खड़ा होने का अर्थ क्या है ? यह मोदी सरकार का विरोध है या भारत का?

यह कल्पना नहीं की जा सकती कि कोई नेता अपने कार्यक्रम में इस सीमा तक चला जाएगा कि एक सम्मानित सिक्ख को उठाकर बोलेगा कि लड़ाई इस बात की है कि एक सिख पगड़ी या कड़ा पहनकर कहीं आ जा सकते हैं या नहीं। यह सिर्फ एक रिलिजन के लिए नहीं बल्कि सभी रिलिजन के लिए है। हालांकि जिस सिख व्यक्ति का नाम पूछ कर उन्होंने यह टिप्पणी की उन भालेंदर सिंह वीरमानी ने कहा कि मैं इसे पहनकर बेझिझक भारत जा सकता हूं। वहां आज तक ऐसा नहीं हुआ कि उसे पगड़ी और कड़ा पहनने का हक नहीं मिला हो। भालेंदर सिंह ने कहा कि राहुल गांधी 15 20 मिनट बोलने के बाद बाहर चले गए और हमें उनसे प्रश्न करने का मौका नहीं मिला अन्यथा मैं पूछना चाहता था कि आखिर आपसे किसने कहा है कि ऐसी आजादी नहीं है। क्या वजह, कोई खास एजेंसी है या खास लोग हैं जिन्होंने बातें बताई है? तो जिस अमेरिकी सिख बंधु से उन्होंने सवाल किया वहीं असहज हो गया। सिख सामुदाय के कुछ मुट्ठी भर अलगाववादी अराजक तत्व इस समय दुनिया भर में यही बात फैला रहे हैं। खालिस्तान की मांग सिखों की धार्मिक आजादी की मांग से जोड़ कर अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम जैसे देशों में सिख फॉर जस्टिस या ऐसे दूसरे समूह बीच-बीच भारत को परेशान करने वाली गतिविधियां करते हैं। क्या राहुल गांधी को पता नहीं कि इन तत्वों ने ही भारतीय दुतावास आदि पर हमले किए और महात्मा गांधी तक की मूर्ति को अपमानित किया? लंदन स्थित उच्चायोग में भारतीय तिरंगे को अपमानित किया। सिख फॉर जस्टिस का संचालक और भारत में वांछित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने राहुल गांधी के बयानों को हाथों-हाथ लिया और कहा कि यही तो हम कह रहे थे, आज राहुल गांधी ने इसकी पुष्टि कर दी। दुनिया भर के सिख अलगाववादी समूह राहुल के इस वक्तव्य का उपयोग कर उन देशों से अपनी बात को सही साबित करने की कोशिश करेंगे। भारत सरकार सभी देशों के साथ कड़ाई से इन तत्वों पर अंकुश लगाने की बात करती रही है। राहुल गांधी ने भारत का पक्ष इस कमजोर किया। इसका डरावना पहलू यह है कि इसका किंचित भी लाभ उठाकर इन तत्वों ने पंजाब में कोई गड़बड़ी पैदा कर दी तो क्या होगा? हाल के समय में पंजाब के अंदर अलगाववादी गतिविधियों के साथ हिंसा फैलाने के प्रमाण मिले हैं, उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं।

भारत की एकता -अखंडता तथा विश्व में इसके प्रभाव बढ़ने , सम्मान मिलने के प्रति समर्पित कोई नेता विदेशी भूमि पर इस तरह की बातें नहीं कर सकता। आपको आरएसएस , बीजेपी से मतभेद है तो देश के अंदर प्रकट कर सकते हैं। उसमें भी राहुल गांधी जी अतिवाद की सीमा तक जा रहे हैं जो हमारे अंदर ही तनाव और हिंसा बढ़ाने तथा उथल-पुथल मचाने की पर्याप्त क्षमता रखता है। साफ है कि राहुल गांधी का एजेंडा देश की सामान्य राजनीति में कांग्रेस को मजबूत करना या स्वयं सरकार बनाने तक सीमित नहीं है। अपने देश के बारे में ऐसे दुष्प्रचार पुराने समय में उथल-पुथल और हिंसा के द्वारा सत्ता पर कब्जा करने वाले वामपंथी किया करते थे। राहुल गांधी संसदीय लोकतंत्र के अंदर क्या लक्ष्य चाहते हैं इसे समझने के लिए शोध की आवश्यकता है।

## नजरिया

# ध्रुवीकृत विश्व में अनेकांतवाद की प्रासंगिकता



निपुण नागेंद्र

**निपुण नागेंद्र ऑस्टिन, टेक्सास, संयुक्त राज्य अमेरिका के वैंडेग्रिफ्ट हाई स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र हैं। हालांकि वे कॉलेज में खगोल भौतिकी का अध्ययन करने की योजना बना रहे हैं, वे संस्कृत और भारतीय दर्शन के भी छात्र हैं। उन्होंने मद्रास संस्कृत कॉलेज से विशिष्टता के साथ संस्कृत पाठ्यक्रम पूरा किया है। वे छोटे छात्रों के लिए भारतीय ज्ञान प्रणालियों और तत्वमीमांसा पर कक्षाएं भी संचालित करते हैं।**

**हर सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे पर ध्रुवीकरण का स्तर अकल्पनीय हो गया है। यहां तक कि उन देशों में भी जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दशकों से आशा का प्रतीक रही है, मुद्दों पर ध्रुवीकरण अपने चरम पर है। उदाहरण के लिए, हाल के पेव्यू रिसर्च से पता चलता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में, राजनीतिक विभाजन और पक्षपाती पिछले दो दशकों की तुलना में अधिक गहन और व्यापक हैं।**

भारतीय धर्मों में, स्वाभाविक रूप से, प्रश्न करने का एक अंतर्निहित तत्व है। इनमें संवाद, टिप्पणियाँ और कथाएँ हैं जहाँ गहन अस्तित्वगत प्रश्न पूछे गए हैं, कुछ के उत्तर दिए गए हैं, और कुछ के नहीं। इस संरचना की सुंदरता यह है कि किसी प्रश्न का कोई उत्तर न होना या कई उत्तर होना पूरी तरह से स्वीकार्य है, जो एक खुले दिमाग वाली संस्कृति और बहुलवादी दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है। इसका सबसे प्रकाशमान उदाहरण जैन सिद्धांत अनेकांतवाद में दिखाया गया है, जिसका अर्थ है बहु या अनेक पक्षीयता (किसी भी तात्विक प्रश्न या पहलू के लिए)। यह सिद्धांत, अपनी कालातीत प्रासंगिकता के साथ, जैन दर्शन के सबसे कम सराहे गए पहलुओं में से एक है। इस अवधारणा पर फिर से विचार करने का यह सही समय है, खासकर जब दुनिया भर के जैन वर्तमान में पर्युषण या एक साथ आने का कार्य मना रहे हैं, जिसमें वे अपने सिद्धांतों के पांच आवश्यक व्रतों (अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह) का पालन, उपवास, ध्यान और पुनर्बलन करते हैं।

हालांकि इन प्रथाओं में अक्सर आचरण के कठोर नियम होते हैं, अनेकांतवाद की सुंदरता इसकी बहुपक्षीयता है, जो सत्य के एक से अधिक पहलुओं को स्वीकार करते समय बहुलता का एक व्यापक कैनवास प्रदान करती है। अनेकांतवाद की नींवों में से एक स्याद्वाद या सशर्त कथन की अवधारणा पर आधारित है। स्याद्वाद का सबसे पुराना संदर्भ भद्रबाहु (लगभग 433-357 ईसा पूर्व) के लेखन में मिलता है। रेन्सेलर पॉलिटेक्निक इंस्टीट्यूट के दर्शनशास्त्र विभाग के जॉन एम. कोलर के अनुसार, स्याद्वाद को इस नाम से जाना जाता है क्योंकि यह इस बारे में एक सिद्धांत को समाहित करता है कि कैसे तार्किक ऑपरेटर स्याद का उपयोग एक विशेष भविष्यवाणी की सभी सात किस्मों में किया जाता है। स्याद अभिव्यक्ति द्वारा योग्य कथन के सात रूपों को सप्तभंगीनय या सातगुना योजना का सिद्धांत के रूप में भी जाना जाता है, जो स्पष्ट रूप से स्याद्वाद को योग्य कथन के सातगुना सूत्र के साथ पहचानता है। सात-पक्षीय सशर्त कथन इस प्रकार हैं:

(1) स्यादस्ति - शायद यह है। (2) स्यान्नास्ति - शायद यह नहीं है। (3) स्यादस्ति नास्ति च - शायद यह है और नहीं है। (4) स्यादवक्तव्य: - शायद यह अनिर्धारित है। (5) स्यादस्ति च अवक्तव्यश्च - शायद यह है और अनिर्धारित है। (6) स्याद्नास्ति च अवक्तव्यश्च - शायद यह नहीं है और अनिर्धारित है। (7) स्यादस्ति नास्ति च अवक्तव्यश्च - शायद यह है, नहीं है, और अनिर्धारित है। महान भारतीय दार्शनिक प्रो. सुरेंद्रनाथ गुप्ता ने अपनी हिस्ट्री ऑफ इंडियन फिलॉसफी में उल्लेख किया है, जैनों ने सभी चीजों को अनेकांत (न-एकांत) माना या उन्होंने माना कि कुछ भी पूर्ण रूप से सत्य नहीं कहा जा सकता, क्योंकि सभी कथन केवल कुछ शर्तों और सीमाओं के तहत ही सत्य थे।

इसके अनंत कारण हैं कि अनेकांतवाद की अवधारणा आज की दुनिया में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक क्यों है। एक पूरा गणितीय क्षेत्र, विशेष रूप से संभाव्यता सिद्धांत, इस तात्विक सिद्धांत तक विस्तारित किया गया है, लेकिन हमारी चिंता यहाँ इसे सामाजिक रूप से समझने की है। हम एक ऐसी दुनिया में रहते हैं जहाँ विचारों, विचारधाराओं और आदर्शों में बहुलता एक अस्तित्वगत संकट का सामना कर रही है।

हर सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक मुद्दे पर ध्रुवीकरण का स्तर अकल्पनीय हो गया है। यहां तक कि उन देशों में भी जहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता दशकों से आशा का प्रतीक रही है, मुद्दों पर ध्रुवीकरण अपने चरम पर है। उदाहरण के लिए, हाल के पेव्यू रिसर्च से पता चलता है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में, राजनीतिक विभाजन और पक्षपाती पिछले दो दशकों की तुलना में अधिक गहन और व्यापक हैं। अध्ययन बताता है कि वैचारिक विभाजन इतना गहरा हो गया है कि उदारवादी और रूढ़िवादी इस बात पर असहमत हैं कि वे कहाँ रहना चाहते हैं, किस तरह के लोगों के आसपास रहना चाहते हैं और यहां तक कि वे अपने परिवारों में किसका स्वागत करेंगे।

कुछ दशक पहले तक, प्रमुख वैचारिक विभाजन अधिक राजनीतिक और आर्थिक था, जो समाजवादी, साम्यवादी और पूंजीवादी रेखाओं में विभाजित था। आज की दुनिया में, ध्रुवीकरण का केंद्र धर्म है और कुछ हद तक नस्ल भी। धर्म के भीतर संप्रदाय और उप-संप्रदायों ने इस ध्रुवीकरण में और ईंधन जोड़ा है। वर्तमान युग में धार्मिक सत्यों और विश्वासों पर कई दृष्टिकोणों को स्वीकार करना लगभग असंभव हो गया है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता निगरानी (-उछ) ने अपनी नवीनतम धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट में कहा है कि दुनिया की आधी से अधिक आबादी को उनके धार्मिक विश्वासों के लिए किसी न किसी रूप में प्रताड़ित किया जा रहा है। यह दुनिया की आबादी का 50 प्रतिशत से अधिक है।


शिकागो विश्वविद्यालय के जेफरी डी. लॉन्ग ने अपने शानदार शोध प्रबंध प्लुरैलिटी एंड रिलेटिविटी: व्हाइटहेड, जैनिज्म, एंड द रीकंस्ट्रक्शन ऑफ रिलीजियस प्लुरलिज्म में अनेकांतवाद की अवधारणा पर धर्म की बहुलवादी व्याख्या के लिए एक बड़ा तर्क दिया है। अपने शोध में, वे दावा करते हैं कि अधिकांश धर्म, अपने सत्य के तार्किक औचित्य प्रदान करने के लिए, आम तौर पर स्व-खंडन सापेक्षतावाद में फंस जाते हैं। उनका शोध तर्क देता है कि धर्मों में बहुलता को सबसे अच्छी तरह से सापेक्ष सत्य के रूप में व्यक्त किया जाता है, जहां जैन तत्वमीमांसा कई संस्करणों को सामंजस्यपूर्ण बनाने के लिए आधार प्रदान करती है। बहुलता और अनेकांतवाद का महत्वपूर्ण सार दूसरों के दावों के सापेक्ष आधारों को खारिज करना नहीं है, बल्कि उन्हें समावेशी संरचना का आधार बनाना है। जैन विद्वान सिद्धसेन दिवाकर ने अपनी प्रमुख पुस्तक संमतितर्क में, जैसा कि जेफ्री लॉन्ग द्वारा अनुवादित किया गया है, उल्लेख किया है, सभी दृष्टिकोण अपने-अपने क्षेत्रों में सत्य हैं, और जिस हद तक वे परस्पर विरोधी हैं, वे असत्य हैं। जो व्यक्ति वास्तविकता की बहुपक्षीय प्रकृति को समझता है, वह कभी भी किसी विशेष दृष्टिकोण को केवल 'सत्य' या 'असत्य' के रूप में नहीं बताता।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

आरती



देहरादून में सोमवार को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने जन्मदिन के अवसर पर टपकेश्वर महादेव मंदिर में आरती करते हुए।

# योगी आदित्यनाथ ने देश के विभाजन के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया, पाकिस्तान को 'कैंसर' बताया

**अगरतला/भाषा**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के विभाजन और पाकिस्तान के निर्माण के लिए सोमवार को कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया।

पश्चिम त्रिपुरा के बरकाथल में सिद्धेश्वरी मंदिर के उदघाटन के दौरान कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 1947 में सक्रिय रहे लोगों ने मुस्लिम लीग का समर्थन किया था, जो भारत को विभाजित करना चाहती थी और इसी के कारण पाकिस्तान का जन्म हुआ।योगी ने 1905 में बंगाल को विभाजित करने के अंग्रेजों के प्रयास का जिक्र किया, जिसे जनता के प्रतिरोध के कारण नाकाम कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग का भी इसी तरह विरोध होता, तो पाकिस्तान को बनने से रोका जा सकता था। योगी ने पाकिस्तान को 'विनाशकारी' करार दिया और इसकी तुलना 'कैंसर' से की। उन्होंने पड़ोसी देश बांग्लादेश में पिछले दिनों हुई अशांति पर भी चिंता जताई।

योगी ने कहा, बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, उस पर बात करनी होगी। इसके लिए कौन जिम्मेदार है? हमें आत्मनिरीक्षण करना होगा।



# बीएपीएस मंदिर में आशीर्वाद और स्वामीजी के दर्शन से होता है दिव्य ऊर्जा का संचार : पीयूष गोयल

मुंबई/दक्षिण भारत। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बीएपीएस के प्रमुख महंत स्वामी महाराज के 91वें जन्मदिवस पर उनके दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर, महाराज से आशीर्वाद लेते हुए तस्वीरें भी साझा कीं। गोयल ने कहा कि बीएपीएस प्रमुख पूज्य महंत स्वामी महाराज के 91वें जन्मदिवस पर उन्हें प्रणाम कर आशीर्वाद पाने का सौभाग्य मिला। केंद्रीय मंत्री गोयल ने नब्बे के दशक के अपने पुराने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मुझे आज भी वर्ष 1995 का वह समय याद आता है, जब मैं तत्कालीन प्रमुख स्वामी महाराज के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर चूनाभट्टी, सायन में आयोजित 37 दिवसीय अमृत महोत्सव का हिस्सा बना था।


गोयल ने समाजोत्थान संबंधी कार्यों के लिए इस संस्था की तारीफ की। उन्होंने कहा कि यह संस्था धर्म जागरण के साथ ही समाज कल्याण के क्षेत्र में निरंतर सर्वोत्तम कार्य करती आ रही है। उन्होंने बीएपीएस मंदिर और यहां से मिलने वाली 'ऊर्जा' के क्षणों को अद्भुत बताया। मंत्री ने कहा कि उन पुरानी यादों को लेकर लंबी चर्चा से मन प्रसन्नचित्त हो गया।

गोयल ने कहा कि वे देश-विदेश में अपनी यात्रा के दौरान समय निकालकर बीएपीएस मंदिर जाते और आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यहां स्वामीजी के दर्शन लाभ से मुझमें दिव्य ऊर्जा का संचार हुआ है। यह क्षण मेरे लिए अद्भुत है। बता दें कि इसके बाद गोयल ने 'बिहार में निवेश' संबंधी एक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने बिहार को एक 'छिपा हुआ रत्न' बताते हुए कहा कि दुनिया इसे अब तक नहीं खोज पाई है।

# हिना खान ने दुल्हन बनकर किया रैंप वॉक

मुंबई/एजेन्सी। जानीमानी अभिनेत्री हिना खान ने दुल्हन बनकर रैंप वॉक किया है। हिना खान थर्ड स्टेज बेस्ट कैंसर से पीड़ित हैं। उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह दुल्हन के लाल जोड़े में रैंप वॉक करती नजर आई हैं। इस वीडियो पोस्ट के साथ हिना खान ने कैप्शन में लिखा है, मेरे पिता हमेशा कहा करते थे। पापा की स्ट्रॉन्ग बच्ची, रोओ मत। अपनी प्रॉबल्म के बारे में किसी से शिकायत मत करो। अपनी लाइफ पर कंट्रोल करना सीखो, खड़ी रहो और इससे निपटो।इसी वजह से मैंने रिजल्ट के बारे में चिंता करना बंद कर दिया है। बस उस पर फोकस है, जो मेरे कंट्रोल में है। बाकी अल्लाह पर छोड़ दो। वह आपके प्रयासों को देखता है। वह आपकी प्रार्थनाएं सुनता है और आपके दिल को जानता है। यह आसान नहीं था, लेकिन मैं खुद से कहती रही- आगे बढ़ो हिना, कभी मत रुकना।

# अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ ने मंदिर में की शादी



**नई दिल्ली/भाषा**

अभिनेत्री अदिति राव हैदरी और अभिनेता सिद्धार्थ ने सोमवार को परिवार की मौजूदगी में एक मंदिर में शादी की। अदिति और सिद्धार्थ ने मार्च में सगाई की थी और अब दोनों ने तेलंगाना के वानापर्थी में 400 साल पुराने एक मंदिर में विवाह किया। अदिति (37) और सिद्धार्थ (45) ने सोशल मंच 'इंस्टाग्राम' पर अपनी शादी की तस्वीरें साझा कीं।

पोस्ट में उन्होंने लिखा, तुम मेरे सूरज हो, चांद हो और मेरे सारे सितारे हो... अनंत काल तक साथ रहना... हंसी के लिए, कभी बड़े ना होने के लिए... अनंत प्रेम के लिए, रोशनी और जादू के लिए... मिसेज एंड मिस्टर अदू-सिद्धू। इस जोड़ी ने 2021 में आई तेलुगू फिल्म महा समुद्रम में साथ में अभिनय किया था। दोनों ने मशहूर डिज़ाइनर सब्यसाची मुखर्जी द्वारा डिजाइन किए गए परिधान और आभूषण पहने थे। अदिति ने जहां सुनहरी साड़ी पहनी थी, वहीं सिद्धार्थ ने सफेद कुर्ता और धोती पहनी हुई थी। अदिति को हाल में नेटफ्लिक्स पर आई सीरीज़ हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार में देखा गया था जबकि सिद्धार्थ को आखिरी बार फिल्म 'इंडियन 2' में देखा गया था।

# यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष के नेतृत्व पर सवाल उठाने वाले फ्रांसीसी अधिकारी का इस्तीफा

**ब्रसेल्स/एपी**

यूरोपीय संघ (ईयू) की शक्तिशाली कार्यकारी शाखा के एक सदस्य व प्रभावशाली फ्रांसीसी अधिकारी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के नेतृत्व पर सवाल उठाने के बाद सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फ्रांसीसी उद्यमी और ईयू के विशाल आंतरिक बाजार के आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने ऐसे समय में वॉन डेर लेयेन के नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं, जब वह अगले पांच साल के लिए एक नई टीम बनाने की कोशिशों में जुटी हैं। ब्रेटन ने आरोप लगाया कि वॉन डेर लेयेन भावी आयोग में उनकी जगह एक अन्य फ्रांसीसी अधिकारी को नामित करने के लिए उनके पीछे पड़ गई थीं। ईयू की शीर्ष अधिकारी को भेजे अपने त्यागपत्र की प्रति 'एक्स' पर साझा करते हुए ब्रेटन ने कहा कि वॉन डेर लेयेन का कदम आपत्तिजनक शासन का एक और सबूत है... मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि अब मैं 'कॉलेज ऑफ कमिश्नर' में और सेवाएं नहीं दे सकता। यूरोपीय आयोग ईयू के 27 सदस्य देशों के लिए कानून का प्रस्ताव करता है और यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया के सबसे बड़े व्यापारिक समूह को नियंत्रित करने वाले नियमों का सम्मान किया जाए।



# बाल कलाकार अस्मि देव ने 'जागृति' के लिए सीखी तीरंदाजी

**मुंबई/एजेन्सी**

आगामी टीवी शो 'जागृति-एक नई सुबह' में मुख्य भूमिका निभा रहीं आठ वर्षीय बाल कलाकार अस्मि देव ने इस धारावाहिक के लिए अपनी तैयारियों की फोटो सोशल मीडिया पर शेयर की। इसमें वह तीरंदाजी और गुलेल चलाना सीख रही हैं। अस्मि ने अपने चरित्र में प्रामाणिकता लाने के लिए तीरंदाजी और गुलेल चलाने का प्रशिक्षण लिया। इस बारे में अस्मि ने कहा, मैं शो के इस भाग के लिए उत्साहित और नर्वस दोनों थी। 'धनुष और बाण' के साथ-साथ 'गुलेल' वाले दृश्यों को शूट करना आसान नहीं है, इसके लिए बहुत ताकत की जरूरत होती है। मुझे यह रोमांचकारी भी लगता है। इस धारावाहिक में अस्मि का किरदार जागृति समाज के उन तौर-तरीकों और प्रथाओं पर कुठाराघात करती है, जिन्हें उसके आस-पास के लोग एक आदर्श के रूप में स्वीकार कर चुके हैं। उसकी बेबाकी अक्सर उसे मुसीबत में डाल देती हैं। वह तेज दिमाग वाली, आशावादी और दृढ़ लड़की है। अस्मि समाज की वह आवाज बनेगी, जो अपने समुदाय के लोगों को अपराधी के रूप में अनुचित ब्रांडिंग पर सवाल उठाएगी और उनकी स्वतंत्रता के लिए लड़ेगी। गुरुदेव भल्ला द्वारा निर्मित 'जागृति-एक नई सुबह' एक युवा लड़की के सम्मान और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष की कहानी है। इसका प्रसारण 16 सितंबर से जी टीवी पर होगा। बता दें कि अस्मि इससे पहले 'अनुपमा' और 'नीमा डेन्जोंगपा' जैसे शो में भी बाल किरदार की भूमिका निभा चुकी हैं।



पूजा

मुंबई में सोमवार को एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले मुंबई में लालबागचा राजा सार्वजनिक गणेशोत्सव में भगवान गणेश की पूजा करती हुई।

# 'सोनचम्पा' को मिला सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार

**इटावा/एजेन्सी**

स्कूली बच्चियों में मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों पर आधारित फिल्म 'सोनचम्पा' को कोलकाता में आयोजित चतुर्थ बेहाला अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में महिला सशक्तिकरण के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया है। फिल्म के निर्देशक और बेसिक शिक्षा विभाग के स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह को यह पुरस्कार प्रसिद्ध अभिनेत्री ऋचा शर्मा ने प्रदान किया है। सोनचम्पा लघु फिल्म के निर्देशक रामजनम सिंह ने बताया कि इटावा के शिक्षकों की ओर से निर्मित एवं अभिनित,बालिका स्वास्थ्य एवम शिक्षा पर आधारित फिल्म सोनचम्पा को समारोह में महिला सशक्तिकरण के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार प्रदान किया गया । सोनचम्पा लघु फिल्म को बंगाली फिल्म उद्योग के कई जानी मानी हस्तियों की ओर से सराही गई ।

फिल्म महोत्सव के जूरी अभिनेता और निर्देशक नीलाद्री लाहिरी, निर्देशक सुमंत बंदोपाध्याय , तथा लेखक निर्देशक भास्कर सान्याल ने महोत्सव में आई देश विदेश की तमाम फिल्मों में सोनचम्पा को महिला सशक्तीकरण के लिए सर्वश्रेष्ठ फिल्म के रूप में चुना। जूरी के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि इस फिल्म ने वह मुद्दा उठाया है जिस पर प्रायः बात नही होती और कई वर्जनाओं तथा मिथकों के कारण बालिकाएं अपनी पढ़ाई में पिछड़ जाती हैं ।

उन्होंने बताया कि इस फिल्म को पुरस्कार मिलने से पूरी टीम की रचनात्मकता को बल मिला है तथा सब का उत्साह बढ़ा है । यह पुरस्कार टीम वर्क का परिणाम है । सब ने अपना श्रेष्ठ दिया और कार्य को रेखांकित किया गया है । फिल्म की सह निर्मात्री मंजू भदौरिया ने बताया कि पुरस्कार का मिलना उत्साह बढ़ाता है और बेहतर कार्य करने को प्रोत्साहित करता है । स्वदेश कल्चरल बैनर तले सोनचम्पा नाम की इस लघु फिल्म का निर्माण इटावा जिले के बिरारी,दतावली और हड़ौली जैसे गांवो के अलावा ऐतिहासिक स्थल कालीवाहन,सुमेर सिंह का किला, टिक्सी मंदिर,विश्व प्रसिद्ध लायन सफारी आदि को स्थानों को सूटिंग की गई है।

सर्वश्रेष्ठ फिल्म के रूप में सम्मानित किए जाने पर टीम के सदस्य वीनस सेंगर , रजनीश त्रिपाठी , अनुपम कौशल , कामिनी अवस्थी , दिनेश माथुर , संजीव यादव , दीप्ति , आरिफ शहडोली , सुरेश कुशवाह ,संध्या , संजू संखवार ने अपनी प्रसन्नता साझा की। इस फिल्म में बेसिक शिक्षा विभाग के अध्यापकों के साथ ही टेलीविजन तथा फिल्मों में लगातार सक्रिय अभिनेता आरिफ शाहदोली ने भी अभिनय किया है ।



# शौंकी सरदार से पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करेंगी निमरत कौर

**मुंबई/एजेन्सी**

जानीमानी अभिनेत्री निमरत कौर फिल्म 'शौंकी सरदार' से पंजाबी फिल्मों में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म शौंकी सरदार में निमरत कौर के साथ मुख्य भूमिका मे गुरु रंधावा नजर आयेंगे। निमरत कौर ने कहा,पंजाबी फिल्म में डेब्यू करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। गुरु रंधावा इंडस्ट्री में एक आइकन हैं। फिल्म शौंकी सरदार पंजाब की संस्कृति पर आधारित है।शौंकी सरदार एक खूबसूरत कहानी है, जो पंजाब की समृद्ध संस्कृति को दर्शाती है और इस सफ़र को शुरू करने के लिए इससे बेहतर प्रोजेक्ट मेरे लिए नहीं हो सकता था।मुझे यकीन है कि मेरे फैंस मुझे इस नए अवतार में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं।

# एनटीआर जूनियर ने कैंसर से पीड़ित को दिल को छू लेने वाली वीडियो कॉल के ज़रिए खुशियां दीं

**मुंबई/एजेन्सी**

मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर ने कैंसर से पीड़ित प्रशंसक को दिल को छू लेने वाली वीडियो कॉल के ज़रिए खुशियां दी हैं। 'मैन ऑफ मासेस', एनटीआर जूनियर ने रक्त कैंसर से जूझ रहे एक युवा प्रशंसक से संपर्क किया। तिरुपति के एक समर्पित प्रशंसक कौशिक को उस समय बहुत अच्छा लगा जब एनटीआर जूनियर ने वीडियो कॉल के ज़रिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क किया। कौशिक की लाइलाज बीमारी और 'देवरा' देखने की उनकी अंतिम इच्छा की खबर एनटीआर जूनियर तक पहुच गई थी।



# फरहान अख्तर ने फिल्म '120 बहादुर' के सेट से बीटीएस तस्वीर शेयर की

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता-फिल्मकार फरहान अख्तर ने अपनी आने वाली फिल्म '120 बहादुर' के सेट से सोशल मीडिया पर बीटीएस तस्वीरे शेयर की हैं। एक्सेल एंटरटेनमेंट और ट्रिगर हैप्पी स्टूडियोज ने फिल्म '120 बहादुर' की घोषणा की है।

फिल्म '120 बहादुर' में फरहान अख्तर मुख्य भूमिका में नजर आयेंगे।फरहान अख्तर ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। यह फिल्म मेजर शैतान सिंह यानी पीवीसी और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों की कहानी कहती है। यह मिलिट्री एक्शन फिल्म 1962 के इंडो-चाइना वॉर के दौरान की कहानी है और रेजांग ला की लड़ाई से प्रेरित है।

फराहन अख्तर ने इस फिल्म के सेट से बीटीएस फोटो शेयर किया है। फरहान इस फिल्म में सेना के अधिकारी मेजर शैतान सिंह की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इस फिल्म को रजनीश राजी घई निर्देशित कर रहे है। फरहान अख्तर ने जो फोटो शेयर की है वह लद्दाख की वादियों की है। फोटो में फिल्म के क्रू मेंबर्स सेट पर खड़े नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए फरहान ने लिखा,क्रू एट वर्क।

# यूट्यूब पर धूम मचा रही है फिल्म 'रंग दे बसंती'

**मुंबई/एजेन्सी**

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार खेसारीलाल यादव की फिल्म रंग दे बसंती यूट्यूब पर धूम मचा रही है। एस आर के म्यूजिक के बैनर तले बनी फिल्म रंग दे बसंती को केवल तीन दिनों में पांच मिलियन से अधिक दर्शकों ने यूट्यूब पर देखा है। फिल्म के निर्माता रौशन सिंह और सह-निर्माता शर्मिला आर सिंह ने इस उपलब्धि को भोजपुरी सिनेमा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है, जो अब ग्लोबल दर्शकों तक पहुँच रहा है। रौशन सिंह ने कहा, यह हमारे लिए गर्व की बात है कि 'रंग दे बसंती' को यूट्यूब पर इतनी बड़ी संख्या में दर्शकों का प्यार मिल रहा है। इस फिल्म की पैन इंडिया रिलीज और अब यूट्यूब पर सफलता से यह साबित होता है कि भोजपुरी सिनेमा की पहुंच और लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।



'रंग दे बसंती' भोजपुरी फिल्मों के इतिहास में खास चर्चा में रही, क्योंकि इसे पैन इंडिया स्तर पर बड़े पैमाने पर रिलीज किया गया था। फिल्म को देशभर के लगभग 250 सिनेमाघरों में रिलीज किया गया, जिसमें ओडिशा, राजस्थान, हरियाणा, अहमदाबाद, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, हैदराबाद, चेन्नई और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसे प्रदर्शित किया गया। फिल्म रंग दे बसंती का निर्देशन प्रेमांशु सिंह ने किया है, जबकि खेसारीलाल यादव के साथ मुख्य भूमिकाओं में रति पांडे और डायना खान नजर आ रही हैं। फिल्म के अन्य कलाकारों में अमिताभ भट्टाचार्य, फिरोज खान, मास्टर ऋषभ यादव, राज प्रेमी, आमिर सरवर, अमित तिवारी, समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैश, ज्योति कलश और रीना रानी शामिल हैं। फिल्म की कहानी मनोज कुशवाहा ने लिखी है, जबकि संगीतकार ओम झा ने इसके संगीत को सजाया है। गीतकारों में प्यारे लाल यादव, अरविंद तिवारी, राकेश निराला, डॉक्टर कृष्ण एन शर्मा और सत्य सावरकर शामिल हैं।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) नार्थ चैप्टर की वर्ष 2023-24 की वार्षिक साधारण सभा में आयोजित हुई। नार्थ चैप्टर के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यकाल की सफलता का श्रेय समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को दिया।



# ‘झूठे होते हैं स्वार्थ के संबंध’

## मासक्षमण का हुआ पारणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के नजरबाद स्थित बुद्धि वीर वाटिका के विशाल पंडाल में सोमवार को धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि भगवान के साथ स्थापित प्रीति ही सच्चा प्रेम हैं। वह कभी नहीं टूटता। भगवान सभी पर निरंतर करुणा की अमिवर्षा करते हैं। प्रभु कभी बदलते नहीं, धोखा देते नहीं। दुनिया के सारे रिश्ते समाप्त हो जाने पर भी भगवान का सहारा बना रहता है। इस यथार्थ को समझकर आध्यात्मिक उन्नति के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए। हृदय के तार भगवान से सदैव जुड़े रहने चाहिए। प्रेम की वह निर्मल अनुभूति निराली होती है। अपने अहं को मिटाकर, समर्पण की भूमिका पर, भक्त भगवान से जब एकाकार बनता है तो वह भक्ति ही मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि संसार के सारे संबंध स्वार्थ के धरातल पर निर्मित होते हैं, इसलिए वे शाश्वत नहीं होते। वे कभी भी टूट सकते हैं। इन संबंधों में दोनों ही पक्ष करीब-करीब एक जैसी मानसिकता के शिकार होते हैं।

जब तक स्वार्थपूर्ति होती है, संबंधों को निभाया जाता है। जहां स्वार्थ सिद्ध नहीं होते, वहां संबंधों में कोई सार नहीं बचता। ऐसे रिश्ते मौसम की तरह बदलते रहते हैं। स्वार्थ पर टिके ये रिश्ते दिल तोड़ते हैं, नफरत पैदा करते हैं, दुःख देते हैं, बदले की भावना से ग्रसित करते हैं। कभी कभी तो ये संबंध हिंसा और अपराध के मार्ग पर ले जाते हैं।

गणि पद्मविमलसागरजी ने बताया कि भारतीय संस्कृति में भक्तिमार्ग के जितने भी साधक हुए हैं, सभी की अनुभूतियां संसार के लिए प्रेरणा का पाथेय है। प्रभु से प्रीति के बिना भक्ति कभी सार्थक नहीं होती।

कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान और प्रवीण दांतेवाडिया ने बताया कि सोमवार को तपस्वी अशोक गुलेच्छा के तीस दिन के उपवास की साधना का मासक्षमण तप निर्विघ्न संपन्न हुआ। निर्ग्रन्थ निवास में गुरुजनों के गुरुपूजन, वासक्षेप विधान और मंगलपाठ के बाद उन्होंने कुलदेवी अम्बिका माता की पंचप्रकारी पूजा की, तत्पश्चात् अपने 100 वर्षीय पिता के हाथों गर्मजल ग्रहण कर उन्होंने पारणा किया। सहवर्ती श्रमणवृन्द ने मंत्रोच्चार किए। इस अवसर पर अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित थे।



# विद्या भी विनय गुण से ही शोभा पाती हैं: साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में धर्मसभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने कहा कि प्रभु महावीर ने अपनी आगमवाणी में आज्ञा को ही है धर्म बताया हैं। अपने गुरु की बड़ों की माता-पिता की आज्ञा का पालन भारतीय संस्कृति का सबसे बड़ा गौरव और प्रथम अनुकरणीय प्रेरक संस्कार है। जो अपने माता पिता गुरु, बड़ों के प्रति विनय, नम्रता, आदर, सम्मान का भाव रखता है, प्रभु महावीर ने उसे भी मोक्ष-मार्ग का आराधक कहा है। सभी धर्म- दर्शनों में विनय गुण की महिमा प्रतिपादित की हैं। विद्या भी विनय गुण से ही शोभा पाती हैं। उन्होंने भारतीय दर्शन के एक पौराणिक प्रेरक गणेश कथा का प्रसंग सुनाया। विनय के गुण से ही मनुष्य की कीर्ति में वृद्धि होती है। विनयवान को ही कई प्रकार की लब्धि की प्राप्ति भी होती है।

प्रारंभ में साध्वीश्री स्नेहप्रभा जी ने भगवान महावीर की अंतिम देशना श्री उत्तराध्ययन सूत्र के चौथे अध्ययन पर सारगर्भित विवेचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि जो साधक या जो शिष्य मुमुक्षु स्वच्छन्दता को त्यागकर विनीत बनकर अपने गुरु की आज्ञा की शिरोधार्य करता है और संयम का आराधक बनकर गुरु की अपना सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक समझकर उनकी आज्ञा में रहता है वो साधक, शिष्य संयमी आत्मा शीघ्र ही इस दुखमय संसार से किनारा कर लेता है और सर्वोत्तम स्थान मोक्ष का अधिकारी बन जाता है। आज्ञा ही सर्वश्रेष्ठ धर्म है और आज्ञा में ही मोक्ष है। इस अध्ययन के अन्दर साधक को प्रतिपल- प्रतिक्षण सजग सावधान, जागरूक रहने की प्रेरणा दी है। प्रबलकाल के सामने महाबली भी टिक नहीं पाता, इसलिए प्रमाद को त्यागकर, विनयशील बन, जागरूक होना परम आवश्यक हैं। कार्यक्रम संचालन संघ मंत्री सुरेशकुमार धोका ने किया।



# विमल कटारिया बने जीतो नार्थ के अध्यक्ष व विजय सिंघवी बने महासचिव

## जीतो बेंगलूरु नॉर्थ की वार्षिक साधारण सभा में हुई घोषणा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जीतो) नार्थ चैप्टर की वर्ष 2023-24 की वार्षिक साधारण सभा में आयोजित हुई। नार्थ चैप्टर के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने सभी का स्वागत करते हुए कार्यकाल की सफलता का श्रेय समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों को दिया। मुख्य सचिव सुधीर गादिया ने मंत्री प्रतिवेदन पेश किया तथा सभी के सहयोग को सराहा। कोषाध्यक्ष विजय सिंघवी ने संपूर्ण आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

चुनाव अधिकारी सुभाष सिंघवी एवं रिटर्निंग अधिकारी सुरेंद्र नाथ ने निष्पक्ष चुनाव कराकर निर्वाचित प्रबंध समिति सदस्यों की घोषणा की जिसमें वर्ष 2024-26 के लिए सर्व





सम्मति से विमल कटारिया का अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष विमल कटारिया ने पदभार ग्रहण करने के पश्चात कमल पुनमिया, दिनेश बाफना को उपाध्यक्ष, विजय सिंघवी को महामंत्री एवं नरेंद्र आच्छा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। महामंत्री विजय सिंघवी ने बताया कि जीतो नार्थ की महिला व युवा विंग पदाधिकारियों की नियुक्ति शीघ्र की जाएगी।

इस अवसर पर जीतो बेंगलूरु साउथ चैप्टर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रंजीत सोलंकी ने कहा कि साउथ और नार्थ दोनों चैप्टर मिलकर जैन समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। नार्थ चैप्टर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विमल कटारिया ने कहा मेरा सौभाग्य है जो जीतो जैसी संस्था का नेतृत्व करने का अवसर आपके सहयोग से मिला है। हमारे कार्यों में कहीं भी प्रतिस्पर्धा न होकर जनहित व विकास के कार्यों में बढ़ोतरी होगी और आश्वासन दिया कि आप सभी के सहयोग से जीतो को ऊँचाइयों पर ले जाने का हमारी टीम का मुख्य उद्देश्य रहेगा।

नेमीचंद दलाल ने बताया कि इस अवसर पर जीतो बेंगलूरु नार्थ चैप्टर के वरिष्ठ पदाधिकारी तेजराज गुलेच्छा, प्रकाश सिंघवी, पारस भंडारी, श्रीपाल खीवेसरा, राजेंद्र छाजेड़, नरेंद्र सामर, रमेश हरण, रमेश बोहरा, अशोक सालेचा, प्रवीण बाफना, दिलीप जैन व अन्य उपस्थित रहे। तेजराज गोलेच्छा ने नई टीम को बधाई दी। पारस भंडारी ने कहा कि जीतो क्वांटिटी में नहीं क्वालिटी में विश्वास करता है।

## वितरण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के मागड़ी रोड विद्यारण्यनगर के नागरिकों द्वारा आयोजित श्री गौरी गणेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने भगवान गणेश के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की ।



# भाषा से व्यक्ति के चरित्र और व्यवहार की पहचान होती है : साध्वी स्वर्णजनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी स्वर्णांजनाश्रीजी ने कहा कि भाषा से व्यक्ति के चरित्र व व्यवहार की पहचान होती है। कौन व्यक्ति किस प्रकार भाषा का प्रयोग करता है तथा व्यक्ति के मनोभाव क्या है यह जानने का माध्यम भाषा ही बनती है।

ऐसे में मनुष्य को अपनी भाषा पर कंट्रोल रखना चाहिए। मनुष्य की पांच इंद्रियों में से रसनेंद्रिय बोलने और खाने का काम करती है तथा दोनों पर नियंत्रण जरूरी है। यदि बोलने में चूक होती है तो विवाद पैदा होता है और खाने में संयम व विवेक नहीं हो तो स्वास्थ्य बिगड़ जाता है। व्यक्ति को थोड़ा धीमे, कम और मधुर भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

जहां ज्यादा शोरगुल होता है वहां के लोगों में अनुशासन हीनता, मानसिक असंतुलन एवं हृदय रोग जैसी बीमारियां पाई जा सकती है। मौन रखने वाले को ऊंचा स्थान प्राप्त होता है वहीं ज्यादा बोलने वाले को नीचा देखना पड़ता है। साध्वीवर्या ने कहा कि अच्छी सोच, अच्छा चिंतन व अच्छे विचार वाला व्यक्ति स्वयं के साथ दूसरे का भी कल्याण कर सकता है।



# राजाजीनगर तेरापंथ भवन में हुआ सामूहिक क्षमायाचना एवं तप अभिनंदन समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ भवन राजाजीनगर में तेरापंथ सभा के तत्वावधान में सामूहिक क्षमायाचना व तप अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जिसमें अध्यक्ष अशोक चौधरी ने सभी से क्षमायाचना करते हुए स्वागत किया। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। महिला मंडल की अध्यक्ष उषा चौधरी, तेयुप अध्यक्ष कमलेश चौरडिया ने भी क्षमायाचना की। परामर्शक जुगराज श्रीश्रीमाल ने सभी से क्षमा याचना करते हुए सभी से अपने परिवार के बच्चों को ज्ञानशाला से जोडने का आह्वान किया।

तेरापंथ नेटवर्क ऐप विभाग के संयोजक महावीर मेहता ने एप्प व कार्ड के बारे में जानकारी दी। समारोह के द्वितीय चरण में युवा गौरव विमल कटारिया का राजाजीनगर सभा ट्रस्ट द्वारा सम्मान किया गया।

सहमंत्री सतीश पोरवाड ने कटारिया का परिचय दिया। मदरिया जैन ओसवाल संघ के अध्यक्ष ललित मांडोत, गुरु दर्शनाथ संघ के मुख्य प्रायोजक भेरुलाल सुनीलकुमार बाफना, उपासक महेंद्र दक, राजमल बोहरा, मंजू गन्ना सहित नए ट्रस्टियों, प्रशिक्षिकाओं व तपस्वियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सुखलाल पितलिया, शांतिलाल पितलिया, भैरुरलाल बाफना, सुनील बाफना एवं श्रावक समाज की बड़ी उपस्थिति रही। समारोह का संचालन मंत्री चंद्रेश मांडोत ने किया। आभार सहमंत्री अरविंद गन्ना ने दिया





# जीण माता में मंगलपाठ में गूंजे जीण माता के जयकारे

## नृत्य नाटिका पर झूमे श्रद्धालु

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के ओकलीपुरम स्थित माहेश्वरी भवन में रविवार को माँ जीण दीवाने संस्था के प्रथम वार्षिकोत्सव पर जीणमाता का मंगलपाठ व भजन संध्या का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम माँ जीण दीवाने के सदस्य राजकुमार अग्रवाल, नवरंगलाल सुल्तानिया, ओमप्रकाश मित्तल, मनालाल भामा परिवार ने पूजन कर अखंड ज्योत प्रज्वलितकी।

कार्यक्रम में कोलकाता से आए गायक नीरज अग्रवाल ने भजन गायिका सोनी अरोड़ा के साथ संगीयमय मंगलपाठ से वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की तथा भजनों की प्रस्तुति दी।

कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा माँ जीण के जीवन चरित्र पर आधारित नृत्य नाटिका पर जन्मोत्सव, मेहंदी उत्सव, चुनड़ी उत्सव की प्रस्तुति दी। बड़ी सख्या में उपस्थित होकर कतारबद्ध होकर जीण माता के दरबार का दर्शन कर अखंड ज्योत के दर्शन कर धोक लगाई । हैदराबाद के कारीगरों द्वारा विशाल दरबार सजाया गया।

इस अवसर पर राजकुमार अग्रवाल, अनिल सुल्तानिया, मितेश खंडेलवाल, शशि शर्मा, नितेश खंडेलवाल, मुकेश चौधरी, बिपिन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सावन गोयल, रवि अग्रवाल सहित शहर की विभिन्न सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

नन्दकिशोर चौधरी ने सभी भक्तों को धन्यवाद दिया। संस्था द्वारा सभी गायकों व अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जीण माता को छप्पन भोग अर्पण किया गया तथा महाप्रसाद वितरण किया गया। अगले वर्ष का वार्षिकोत्सव अयोध्या नगरी में आयोजित किया जाएगा की घोषणा हुई।



# विजयनगर में आचार्य भिक्षु के चरमोत्सव के मौके पर बही भक्ति की बयार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के तेरापंथी सभा विजयनगर के तत्वावधान में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी की निश्रा में आर्ध प्रवर्तक आचार्यश्री भिक्षु के 222वें चरमोत्सव दिवस का आयोजन किया गया। प्रथम चरण में चरमोत्सव की पूर्व संध्या पर भिक्षु भक्ति संध्या के रूप में आयोजित किया गया। अध्यक्ष मंगल कोचर ने सभी का स्वागत किया। इस कार्यक्रम में पुणे से आए भजन गायक महेंद्र सिंधी एवं स्थानीय कलाकार हेमलता पीपाड़ा ने आचार्य भिक्षु के भजनों की प्रस्तुति दी। सभा द्वारा सभा द्वारा दोनों गायक कलाकार का एवं प्रायोजक विमल कटारिया एवं चांदमल भलावत परिवार का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुभारंभ साध्वी वृंद द्वारा भिक्षु अष्टम् के संगान से हुआ। सिद्धप्रभा जी ने आचार्य भिक्षु को याद करते हुए कहा कि वह एक महान ऋषि एवं तपस्वी थे । उन्होंने नव क्रांति का बीज बोते हुए तेरापंथ धर्म संघ की नींव रखी। आचार्य भिक्षु जब तक रहे सदा सक्रिय रहे कभी आलस्य और प्रमाद ने उन्हें छुआ तक नहीं। वे ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने अंत तक शुद्ध संयम और मर्यादाओं का पालन किया। उन्होंने संघ के विकास के लिए अथक श्रम किया उनके श्रम की एक-एक बूंद नें तेरापंथ धर्म संघ की नींव को मजबूत किया।

साध्वीश्री मलययशा जी ने अपने उद्गारों को अभिव्यक्ति गीतिका द्वारा करते हुए कहा कि तेरापंथ धर्म संघ की नींव मर्यादा और अनुशासन पर टिकी है, ये मर्यादाएं संघ को आचार्य भिक्षु अमूल्य देन है। साध्वीश्री दीक्षाप्रभा ी ने शब्द चित्र के माध्यम से बताया कि किस प्रकार चुनौतियों को स्वीकार करते हुए आचार्य भिक्षु सत्य मार्ग पर बिना कष्टों और विरोधों की परवाह किए बिना आगे बढ़ते गए। कार्यक्रम में उपासक भरत बोथरा, महिला मंडल उपाध्यक्ष सुमित्रा बरडिया, किशोर मंडल सहमंत्री वैभव जैन ने आचार्य भिक्षु को याद करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। प्रथम चरण का संचालन पूर्व अध्यक्ष राजेश चावत एवं द्वितीय चरण का संचालन साध्वीश्री आस्थाप्रभा जी ने किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष भंवरलाल मांडोत, बाबूलाल बोथरा, ललित सेठिया, मंत्री दिनेश हिंगड़, सहमंत्री ज्ञानू नाहटा, विमल दक , कोषाध्यक्ष चंपालाल मालू, संगठन मंत्री मनोहरलाल बोहरा,महिला मंडल अध्यक्षा मंजू गादिया, तेयुप अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा आदि उपस्थित थे।



# गुरु दर्शन यात्रा संघ ने किए संतों व गुरु समाधि के दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय गुरु गणेश सेवा समिति कर्नाटक द्वारा पंच दिवसीय गुरु दर्शन यात्रा संघ चेयरमैन गौतमचंद धारीवाल, अध्यक्ष किरणचंद बोहरा, महामंत्री उगमराज चोपड़ा, कोषाध्यक्ष मनोहरलाल बाफना, मार्गदर्शक प्रकाशचंद ओस्तवाल के नेतृत्व में बेंगलूरु से रवाना होकर वडगांव शेरी में विराजित साध्वीश्री डॉ चंदनाजी, साध्वी अक्षयज्योतिजी, महावीर प्रतिष्ठान में गौतममुनिजी, आदिनाथ जैन स्थानक में प्रकाशमुनिजी एवं आर्या चंदनाश्री के दर्शन किए। इसके अलावा यात्रा संघ ने अहमदनगर में संतश्री कुंदनऋषिजी, आलोकऋषिजी, औरंगाबाद में उपाध्याय प्रवीणऋषिजी तथा जालना में कर्नाटक गजकेसरी गणेशलालमुनि की समाधि के दर्शन कर वहां ध्यान आराधना एवं जाप किया।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com